On the way all kinds of astrologers and admirers were offering good wishes for the victory

The astrologers, looking to their 'Panchang' (almances) Suddhi, were describing the auspicious day. The reciters of scriptures were saying with loud voice, "May the king achieve victoryn'. Raja was proceeding looking at all these persons, pandits etc (40)

पद्य—श्री रागदोळु मधु माधवि योळगात्म । सारव हाडे लालिसुत ॥
भूरिवाद्य गळिल्ल धवळ शंखगळु भुं । भोरने नडेदोजेयोळु ॥ ४१ ॥

अर्थ—गायक विशारदों के मुख से श्रीराग, मधुमाधवीराग में आत्मविवेचन करने वाले गायन को सुनते हुये और इसके अलावा अनेक प्रकार के वाद्यों के सुमधुर शब्द और धवल शंखों की ध्वनि को सुनते हुये भरत जी जारहे हैं ॥ ४१ ॥

The musicians were singing Sri Rag, Madhu Madhvi Rag etc containing the theme of the Atma In addition the sweet sounds of musical instruments and conch shells were resounding allround (41)

पद्य—तायरमनेयिंद तेरळ लोडने मुंदे । वायस तिद्दुवेरडु ॥
वायुव्वि कणि कणि येडदल्लि करे दुवा । राय पोपल्लिपल्लिगळु ॥ ४२ ॥
गगनदोळगे तन्न मुंदुरे हादि । तेगेदेयदुतिद्दुगरुडा ॥
वगेदनुकूल नायकनद सन्नेयो । ळगे धरणिपगे काणिसिदा ॥ ४३ ॥

राजा भरत राज दरबार को ज्योतिषी सामंत इत्यादि लोगों के साथ शुभ मुहूर्त में प्रस्थान किया ।

लाला शिखरकुमार जैन सुपुत्र लाला [illegible] जैन [illegible] द्वारा यह चित्र प्राप्त हुआ ।

अर्थ—जब भरत जी माता के महल से निकले उस समय दो कौवे देखने में आये और वायीं ओर छिपकिली रोदन कर रहीं थीं एवं आकाश मार्ग से एक गरुण भागा जारहा था इसे नायकों ने समय की अनुकूलता जानकर भरत जी को इशारे से बतलाया ॥ ४२-४३ ॥

When Bharat emerged from his mother's palace two crows were seen, a lizard began to cry from the left side, and a big vulture was seen flying in front Ankul Nayak indicated these auspicious signs to Bharat (42-43)

पद्य—सलहि देरळे नाल्कु घंटे सहित गल । गल नोडु तिद्दु वेदरि ॥
एले स्वामि वैरिदल्लनद सूचनेय नी । नोलिदीचिसेंद नागरनु ॥ ४४ ॥

अर्थ—पाले हुये घरेलू मृग भरत जी के सामने से ही डरते हुये इधर उधर भाग रहे हैं तब सेना नायक महाराज से कह रहे हैं कि स्वामिन् ! वैरी शत्रु भी आपके सामने नहीं ठहर सकेंगे और इन हिरनों की तरह भागते हुये नजर आवेंगे । इस बात की यह सूचना है ॥ ४४ ॥

A little ahead, a pet deer was looking at Bharat with great awe. The guide said, "Rajan, your enemies will hold you in terror like the creature. It is the indication of the same". (44)

पद्य—धूळ चेल्लुत गुडुरिस्कुत केरेवुत । गूळिवंदुदुवलकडेय ॥
धाळि विक्रमद सूचनेय चिचैसेंदु । हेळि काणिसिद दक्षणनु ॥ ४५ ॥

अर्थ—सामने से एक कुकद्मान् सांड धूल उड़ाता हुआ आरहा है और मुंह से शब्द भी कर रहा है तब दक्षिणांक ने उसे वीर सूचना कह कर भरत जी से कहा महाराज यह अगले दाहिने पॉव से मिट्टी खोदने हुये गुड़ गुड़ाता हुआ आरहा है अतएव इसका तात्पर्य यह है कि शत्रु तुम्हारे प्रति वैर रखते हुये अभिमान से युद्ध के लिये आवेगा यह इसकी सूचना है । ॥ ४५ ॥

A bull was seen coming, kicking up clouds of dust, and yelling 'Dakshinank, said, "Look at this Rajan" (45)

पद्य—केळेयरु तोरुव शुभशकुनव नोडु । तोळनगे नगुत तनोळगे ॥
गेलविंद हंसनाथन स्मरिसुत वंद । पोळ्ल मध्यद जिनगृहके ॥ ४६ ॥

अर्थ—इस प्रकार मित्रगण अनेक प्रकार के शुभ शकुनों को देखते हुये जारहे हैं । भरत जी भी मन ही मन हंसते हुये एवं अत्यधिक उत्साह के साथ परमात्मा का स्मरण करते हुये नगर के मध्य स्थित जिन मन्दिर में प्रवेश किया ॥ ४६ ॥

Raja Bhrat was hearing and seeing the signs and omens and was contemplating on the Atma Hans Nath He reached and entered the Jain temple (46)

पद्य—होरगण पोळि गाणुत पावुगेय मारदु । सेरगुडे सुत्ति नडेदनु ॥
मिरूपेदु होन्न कोटेय दाटि कंडनु । मेरेवादि जिननबिंबवनु ॥ ४७ ॥

अर्थ—बाहर के परकोटेके बाहर ही उन्होंने खड़ाऊँ उतार दी । उसके बाद बहुत उत्साह के साथ स्वर्ण निर्मित उत्तम पाँचो परकोटा पार कर भीतर से श्रेष्ठ आदिनाथ भगवान की प्रतिमा को देखा ॥ ४७ ॥

He put off his sandals outside the outer boundary and then entered the golden boundary, saw the holy image af Lord Adinath (47)

पद्य—भद्र मंडपदल्लि निंदु काणिकेयित्कि । भद्रभावदोळेरगिदनु ॥
चिद्रूप भावनेयुळ्ळ योगिगळ स । मुद्रविद्दु नमसिदनु ॥ ४८ ॥

अर्थ—उन्हों ने सबसे पहले भद्र मण्डप में प्रवेश किया । वहाँ भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिकृति का दर्शन किया । तत्पश्चात् उस भद्र मण्डप में योग्य द्रव्यों की भेंट चढ़ाकर बहुत नम्रभाव से भगवान के चरणों में मस्तक नवाया । तदनन्तर उस मन्दिर में रहने वाले चिद्रूपभावना को धारण करने वाले योगियों को नमस्कार किया ॥ ४८ ॥

Thereafter he entered Bhadra mandap (the 2nd approach to the temple) He had the 'darshan' of Lord Adinath's form, with all devotion

He bowed before the Lord's image full length on the ground after offering the sanctified eignt articles Thereafter he bowed to the feet of those saints who had realized the identity of their soul (48)

पद्य—सिद्ध दिग्विजय कार्यो भव भूप स । मृद्ध सुखी भवरेंदु ॥
सिद्धांत घोष दोरेदरु निरंजन । सिद्ध भावनेय योगिगळु ॥ ४९ ॥

अर्थ—निरञ्जन सिद्ध भगवान को धारण करने वाले योगियों ने भी भरत जी को आशीर्वाद दिया कि "सिद्ध दिग्विजय कार्योभव" हे राजन् ! "समृद्ध सुखी भव" ॥ ४९ ॥

Then the saints gave him the blessings, "May you achieve your object of world conquest May you have all the acquisitions of the world and live a long life" (49)

राजा भरत को दिग्विजय करने के लिये जाते समय पर ज्योतिषी लोग शुभाशुभ फल बता रहे हैं और सामने एक सांड जो डर के मारे अपने पैर से धूल उड़ाते हुये मिट्टी खोद रहा है। उसे देखकर ज्योतिषी लोग युद्ध की सूचना और अशुभ फल बता रहे हैं।

याद चित्र—मन्नालाल दयाचन्द जी जैन गनेशपुर के द्वारा छपा—

पद्य—सिद्ध सेसेय मंडेगिट्ट मृत्युंजय । सिद्ध चक्रादि यन्त्रगळ ॥
शुद्ध विभूतिय मुट्टि कोरळिगिट्ट । पद्धति कारना नीरा ॥ ५० ॥

अर्थ—तदनन्तर सिद्ध पूजा किया हुआ गन्धोदक को भरत जी ने मस्तक में लगाया बाद में सिद्ध चक्र, मृत्युञ्जय आदि की आराधना की हुई होम भस्म को तिलक व कंठ में लगाकर भक्ति को व्यक्त करते हुये नियमानुसार महाराज चल दिये ॥ ५० ॥

Thereafter Reja Bharat applied the holy water which remained after the worship of the Lord to his forehead, and also applied the ashes from the Mortanjaya and Sidh chakra etc In the neck with proper ritual, displaying his devotion. (50)

पद्य—होम कर्मगळु चेन्नागि नडेदुवु म । होमुनि भुक्ति नडेदुदु ॥
स्वामिय पूजे लेसागि नडेदुदेंदु । भूमिश गोरेदना राया ॥ ५१ ॥

अर्थ—बुद्धिसागर मंत्री ने प्रार्थना की कि स्वामिन् ! आपने हवनादि कर्म को विधि पूर्वक निष्पन्न किया एवं नवधा भक्ति पूर्वक निरंतराय से मुनियों को आहार दान भी दे दिया ॥ ५१ ॥

Buddhi Sagar entreated, "My Sire, the function has been performed is in an absolutely correct manner. The saints were offered the gift of food with proper devotion Lord Adinath's worship has been performed with the great splendour and devotion". (51)

पद्य—पाडिव मोदलागि दशमि तनक देव । राडम्बर सिगे नमिस्ति ॥
माडिद जिन पूजे निनगिन्तु पूजेय । माडिसदिहुदे लोकदोळु ॥ ५२ ॥

अर्थ—भगवान आदिनाथ प्रभु की पूजा बहुत वैभव के साथ की गयी है एवं प्रतिपदा से लेकर दशमी तक अद्वितीय उत्साह से आपने पूजा की व कराई है । अब इस लोक में आपकी पूजा की बराबरी करने वाला कोई नहीं है ॥ ५२ ॥

"There is not the least doubt that just as you have carried out the worship of the lord from the 1st to the 10th day, you will also be worshipped in the world. There is hardly any-one else in the world who can celebrate the function in this glorious manner". (52)

पद्य—धर्म पूर्वकवागि राज्यवनाळ्व । धर्मागवरिदु भोगिसुव ॥
मर्मव नीनल्ल दार्बल्लरेन्नेंदु । नर्ममंत्रीशनाडिदनु ॥ ५३ ॥

अर्थ—स्वामिन्! धर्म पूर्वक राज्य पालन करने की शक्ति व पद्धति, धर्मांग भोग क्रम इत्यादि बातों के मर्म को तुम्हारे सिवाय और कौन जान सकता है? इस प्रकार मंत्री ने राजा भरत से अत्यन्त विनय के साथ कहा ॥ ५३ ॥

"Sire, who can understand the implications and the underlying basis of carrying on the administration with proper religious sanctions except yourself" *(53)*

पद्य—धरिसिल्लि स्वामि किरीटवनेंदना। दरदिंद मंत्रि मत्तदके ॥
दरे हसिताननराय नोडवङ्ग। धरिसिद नुत्तमांगदोळु ॥ ५४ ॥

अर्थ—हे राजन्! अब यहाँ किरीट धारण कीजिये, इस प्रकार बुद्धिसागर मंत्री के निवेदन को स्वीकार करते हुये नृपश्रेष्ठ भरत ने अपने मस्तक पर सुन्दर रत्न जटित किरीट को धारण किया ॥ ५४ ॥

"My sire, now you may put on your crown", Raja was pleased to hear this and put it on his head *(54)*

पद्य—जिनगे कैमुगिदु स्वामि पुनर्द। र्शन वागलेंदु किरीट ॥
मुनिगळ्गे नमिसिद जयजयवेंदु घो। षणेयोळु मुगुळ्दनल्लिंद ॥ ५५ ॥

अर्थ—किरीट धारण करने के पश्चात "भूयात्पुनः दर्शन" ऐसा पद उच्चारण करते हुये भगवान जिनेन्द्र को नमस्कार किया। इसके बाद मुनियों के चरणों में मस्तक नवाकर जयघोष के साथ वहां से लौटे ॥ ५५ ॥

Thereafter Raj Bharat took off the crown with his hand, again bowed to the Lord's image, and then at the feet of the saints He then put it on again *(55)*

पद्य—कुलवृद्ध जनद परकेयिंद विबुधरु। तळिवमंत्राक्षतेयिंद ॥
गळवळिसुव मगळाष्टकदिंद भू। तळपति नडेदनोजेयोळु ॥ ५६ ॥
अडिगडिगिदि रेंदु पुष्पफलव कारके। गोडुत कैमुगिववरिंद ॥
कडुलेसु जयघोळिळतुत्तम वेंदु बा। ळ्नुडिय सूचनेयोळेयिददनु ॥ ५७ ॥

अर्थ—मार्ग में गमन करते समय बहुत से कुलवृद्धजन, भरत जी को आशीर्वाद दे रहे है और उनके ऊपर पुष्प, अक्षतों का क्षेपण कर रहे हैं तथा विद्वान लोगों के द्वारा मंगलाष्टक पढ़े जा रहे हैं। इस विधि से जयघोष पूर्वक राजा भरत गौरव के साथ आगे बढ़े जारहे हैं ॥ ५६-५७ ॥

Number of learned men were giving blessings to Raja Bharat in the route and were showering the sanctified articles. Other people also came and offered their presents of fruit etc The bard were saying, "May you live along. May you achieve victory". *(56-57)*

पद्य—विलसितानंद दोळ्गा राय पुरु जिन । निळय दिंदडियिडुवाग ॥
वलद् तोळ्तोडे कएणु केत्तविद्दु मुंद् । गालघुसंपददन्सूचनेगे ॥ ५८ ॥

अर्थ—जिस समय राजा भरत अत्यन्त गौरव के साथ बाहर निकले उस समय अकस्मात ही उनकी दाहिनी भुजा, जंघा व आंखों में स्फुरण (फड़कन) होने लगा, जो कि निकट भविष्य में अद्वितीय विजय व संपत्ति प्राप्त होने की सूचना थी ॥ ५८ ॥

When Raja Bharat came out of the temple, suddenly his right arm, right thigh, and right eye began to quiver. This gave the auspiciuos indication that in the near future he was to attain great glory. *(58)*

पद्य—सर्व संभ्रमदिंद पंचकोटेय देसिटि । सार्व भोमनुनडेतंदु ॥
पर्वतदातिद्पट्टद नेयनेरि । सर्वज्ञशरणेनुतडद ॥ ५९ ॥

अर्थ—उस समय बहुत संयम के साथ आप पांचों परकोटाओं से बाहर आये तब बाहर एक पर्वत के समान सजा हुआ हाथी खड़ा था । शीघ्र ही महाराज उसके पास चल कर "जिनं शरणं" ऐसा मुख से उच्चारण करते हुये उस हाथी पर चढ़कर बैठ गये ॥ ५९ ॥

With great splendour he came out of the boundary of the temple. His elephant was waiting for him high like a hillock. He mounted on his back uttering the words "Jin Sharan' *(May Jina protect me). (59)*

पद्य—एत्तितु मुत्तिन सत्तिगे चामर । वत्तित्तचिम्मिदुवाग ॥
सुत्त पताके येद्दवु वाद्यकोटि दि । म्मित्ति तिरियै मोळ्गिदवु ॥ ६० ॥

अर्थ—उस समय सेवकों ने मोती के छत्र, चामरों को ऊपर उठाया और इधर उधर से चमर डुलाने लगे इतना ही नहीं चारों ओर से ध्वजा पताकायें भी फहराने लगीं और अनेक प्रकार के बहुत से बाजे बजने लगे ॥ ६० ॥

At that time the servants raised the canopy decorated with jewels a a little high and chanwars began to be flow allround, flags and banners were raised high and numerous kinds of musical instruments began to be played *(60)*

पद्य—मोत्तद् रिपुगळगंड वैरिगळेंब । कत्तले गुदय मार्तंडा ॥
मत्ते जयांगनामिड चांगेदुंकै । येत्ति भटरु होगळ्दिरु ॥ ६१ ॥

अर्थ—स्वामिन् ! आप अनेक शत्रु राजाओं के पति हैं। शत्रु रूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिये सूर्य के समान हैं। जय लक्ष्मी आपकी वाट देख रही है। जय हो, महाराज की जय हो इस प्रकार स्तुति पाठकों के द्वारा स्तुति को सुनते हुये राजा भरतजी नगर के विशाल मार्गों में होकर जारहे हैं ॥ ६१ ॥

The bards shouted, "The trampler of the pride of the foes, the destroyer of the Karma enemy, Raja Martand and the husband of victory, may you live long". *(61)*

पद्य—इट्ट किरीट मूडुव सूर्यनंते मै । गट्टु होंबोंबेयंतेसेयि ॥
बेट्टव नडिसुवंता राय मुँदेके । पट्टादानेय नडसिदनु ॥ ६२ ॥

अर्थ—जाते समय राजा भरत के मस्तक पर सुशोभित किरीट दूर से ऐसा मालूम पड़ता था कि मानों उदयाचल पर सूर्योदय होरहा हो और चारों तरफ उसकी किरणें लालिमा को विखेर रही हों ॥ ६२ ॥

The crown on the head of the Raja was shining like the rising sun. His complexion was sparkling gold. Mounting on the elephant he looked like the rising sun. *(62)*

पद्य—तोरेगे योडगूडि पूर्णचन्द्रम बंदु । सेरि मेलोलैसुवंते ॥
भूरामगेत्तिद मुत्तिन सत्तिगे । राराजिसुतिदु दाग ॥ ६३ ॥

अर्थ—भरत जी के ऊपर मोती का छत्र अपने प्रकाश से ऐसी शोभा को बढ़ा रहा था कि मानों अनेक तारागणों के बीच में चन्द्रमा ही सुशोभित होरहा हो ॥ ६३ ॥

Just as the stars look beautified on the rise of the full moon and just as the moon looks charming with the stars, in the same way the Raja was surrounded by flags and banners decorated with jewels and pearls and looked beautiful. *(63)*

पद्य—सूळरि दिक्कुव मूवत्तेरडु वि । शाल चामर विराजिसळु ॥
हाल समुद्रदोळानेय नडेसुवं । तालसितांगतोरिदनु ॥ ६४ ॥

अर्थ—सुन्दर व विशाल चारों ओर मलने वाले श्वेत ३२ चमरों के द्वारा महाराज भरतेश इस प्रकार सुशोभित हो रहे थे, कि मानों हाथी पर बैठकर क्षीर सागर के बीच से चले जा रहे हों ॥ ६४ ॥

When 32 chanwars were being flown round him, it appeared as if Raja was going through the ocean of milk, (64)

पद्य—चंद्र सूर्यरु बंदु दिग्विजय के मनु । जेंद्रन करेदोय्वरेनलु ॥
चंद्र सूर्यर ध्वज बेरडेत्तिदुवु मुंदे । रूंद्र पताकेय नडुवे ॥ ६५ ॥

अर्थ—अनेक वैभव के साथ महाराज भरतेश के प्रस्थान काल में, हाथी के आगे दो सुन्दर श्वेत ध्वजा, क्रमशः सूर्यध्वज व चन्द्रध्वज नामक इनकी शोभा को सूर्य व चन्द्रमा के समान इस प्रकार बढ़ा रहे थे, कि मानों सूर्य व चन्द्रमा दोनों भूतल पर मनुजेन्द्र श्रीभरत जी को दिग्विजय के लिये ले जा रहे हों ॥ ६५ ॥

There were two white and spotless flags in-front of the elephant, known as moon flag and sun flag Looking at their beauty it appeared as if sun and moon were leading the king In this glorious manner the march for Digvijay commenced, (65)

पद्य—पुरुषोत्तम निंदु पुरुदिंद मुंदके । तेरळु तिद्पनेंबुदरिदु ॥
पुरदोळगिद्द परगंडेल्ल रोलविंद । नेरेदुनिट्टिसिदरेनेंबे ॥ ६६ ॥

अर्थ—पुरुषोत्तम महाराज भरत जी आज अयोध्या छोड़कर दिग्विजय के लिये जा रहे हैं। यह बात प्रत्येक प्राणी को मालूम ही थी। अब महाराजके दर्शन शीघ्र नहीं होंगे इसलिये इनकी विहार शोभा देखने के लिये सारी प्रजा एकत्रित हुई ॥ ६६ ॥

Purshottam Bharat was leaving Ayodhya for the world conquest Everyone knew thts For this reason all the subjects were swarming in to see his glory Some were looking from their house tops The blooming beauties of the city were elbowing themselves into the crowd to have a glimpse of the Raja (66)

पद्य—कुरु माडवनेरि माळिगेय मेल्केन्नेरि । इरुनेरि गोपुर वेरि ॥
तरुणियरेल्लरु राजमन्मथन क । ण्डरेगोंडु नोडिदरोसेदु ॥ ६७ ॥

पद्य—बरबारदेम्म तम्मय पेंडिरातन । परिकिसवारदेंदेंब ॥
हुरुडिल्लदा परदार सोदरन सौं । दरव नोडिद्रेल्ल रोसेदु ॥ ६८ ॥

अर्थ—वहुत सी युवतियाँ असावधानी , चञ्चलता से राजमन्मथ श्री भरतेश को दीवाल, महल, द्वार तथा चवूतरे पर से देख २ कर आनन्दित होरहीं थीं ॥ ६७ ॥

अर्थ—स्त्रियों की वात को क्या कहना है ? किसी पुरुष के मन में भी यह वात नही रहती थी कि मेरी स्त्री उनका दर्शन न करे ।

क्योंकि महाराज भरतेश परदारा सहोदर हैं । तो भाई को वहिन के देखने से क्या विगड़ता है ? अतः प्रत्येक स्त्रियां स्वतंत्रता पूर्वक उनका दर्शन करके परमानन्द प्राप्त कर रही हैं ॥ ६८ ॥

What to say of the ladies They were too anxious to see the Raja. Their husbands were not jealous of this action, because Bharat was known as brother of every man's wife Therefore what was the harm if a sister saw her brother *(67-68)*

पद्य—गंडपेंडिरु निंदु नोडुवरल्लि । पेंडिरेनोळ्परल्लि ॥
तंडतंडद सूळेयरु नोळ्परा ष । ट्खंडाधिपतिय चेल्विकेया ॥ ६९ ॥

अर्थ—कहीं २ पुरुष अपनी स्त्रियों के साथ खड़े होकर देख रहे हैं । और कहीं २ स्त्रियां एकाकी खड़ी होकर देख रही हैं । और कहीं २ झुंड की झुंड वेश्यायें खंडाधिपति महाराज श्री भरतेश की सुन्दरता को देख रही हैं ॥ ६९ ॥

In some places husbands and wives were together enjoying the sight, somewhere the wives alone were looking at the Raja At that time groups of dancing girls burst from the crowd to have a sight at the Raja *(69)*

पद्य—कासुव पालनि ळुहदे मुंदळुवेळे । गूसनिट्टिस दैदेवंदु ॥
कासि तोळेद होन्न पुत्तळियंतेसे । वा सोवगननिट्टिसिदरु ॥ ७० ॥

अर्थ—कोई स्त्री चूल्हे पर गरम होते हुये दूध ही को छोड़कर, और कोई स्त्री सामने रोते हुये वच्चे को ही छोड़कर तथा वहुत सी स्त्रियां असावधानी से संपूर्ण कार्य को छोड़कर वाहर निकलकर स्वर्णमय पुतला के समान शोभने वाले महाराज श्री भरत जी को देख रही हैं ॥ ७० ॥

Several ladies were coming hurry scurry to have a glimps of the king A woman left the pot containing milk on the stove, her child weeping in the house and ran to see the king *(70)*

महाराज भरत का दिग्विजय प्रस्थान

यह चित्र शीतल प्रसाद अजीत प्रसाद जी जैन तिलोकपुर की ओर से छपा।

पद्य—आडुव नेरवनर्थदोळ्गे विट्टु । हाडुव रागव निलसि ॥
माडवनेरिमदिलनेरिरायन । नोडिदरोसेदु नीरेयरु ॥ ७१ ॥

अर्थ—जो स्त्री अनेक वार्ता विनोद लीला कर रही थी, और अनेक राग में गायनादि कर रही थी, वह उसे अधूरे में ही बंद करके अपने महल के ऊपर चढ़कर श्री भरत जी को उत्सुकता पूर्वक देख रही है ॥ ७१ ॥

Those ladies, who were enjoying some fun or music, left their enjoyment and ran to have a 'darshan' of Raja Bharat (71)

पद्य—गिळिय नोदिसुतिदु राय पोपुद केळ्दु । बोळ्गेयिदपंजरकिडलु ॥
तळु वहुदें देयिद् तलेवागि लोळ्निंदु । गिळिस हिंतोल्दु नोडिदरु ॥ ७२ ॥

अर्थ—एक स्त्री तोते को पढ़ा रही थी । अब तोते को पिंजड़े में रख कर जाने में देरी होगी इस कारण तोते को भी हाथ में लेकर गई और राजा भरत की शोभा को देखने लगी ॥ ७२ ॥

One lady was tutoring the parrot and lest she might be too late ran with the cage of the bird in her hand to see the king (72)

पद्य—कन्नडि विडिदु ओट्टि इतिदु नृपतिय । सन्नेय केळ्ला चणवे ॥
कन्नेय रेदूतंदु कन्नेमाडव नेरि । कन्नडि सहित नोडिदरु ॥ ७३ ॥

अर्थ—बहुत सी स्त्रियाँ हाथ में दर्पण लेकर तिलक (सिंदूर) लगा रहीं थीं । वे, अनेक प्रकार के वाद्य व गायनादि के साथ शब्दायमान जुलूस को देखते ही, तिलक लगाना भूलकर दर्पण सहित बाहर आईं और परमानंद के साथ देखने लगीं ॥ ७३ ॥

Several ladies were putting tilak on their forehead with mirrors in their hands As soon as they heard the sound of the band they came out as they were with mirrors in hand to see the sight (73)

पद्य—मुडिसडिललु वलगेयिंद वलिवुत । एडगैयोळ्सेरगुत निरिया ॥
दुडदुड नेयदेंदु दुंडेयरा चेल्व । रोडेयन चेल्व नोडिदरु ॥ ७४ ॥

अर्थ—एक स्त्री की चोटी की जड़ ढीली हो गई थी, और पहनी हुई साड़ी भी ढीली पड़ गई थी, तो भी चोटी को तो दाहिने हाथ से व साड़ी को बायें हाथ से सम्हालती हुई बाहर दौड़कर आई और राजा भरत के रूप को देखकर अचेत हो गई ॥ ७४ ॥

One woman's braid was loose and also her 'sari' She caught the sari with her right hand and the braid with the left and ran out (74)

पद्य—दगदगिसुव वळुमोलेयिंद जुगुळ्व मे । इदर सरेगनु सागिसुत ॥
मदगजगमनेयरडियिट्टु नूमंडि । मदननंनोडिदरोसेदु ॥ ७५ ॥

अर्थ—एक स्त्री भूलते हुये अपने दोनों स्तनों को सम्भालते हुये खड़ी थी, किन्तु पूरी सम्भाल नहीं चुकी थी, इतने में गीत, वाद्य के साथ महाराज भरतेश के जुलूस का शब्द कान में पड़ते ही सब कुछ भूलकर स्तम्भित होकर उन्हें देखने लगी ॥ ७५ ॥

One lady was just arranging her clothes to cover her body, getting down from the swing, but before she could do this the sound of the drums and bands reached her ears She forgot herself and like image began to look towards the coming procession (75)

पद्य—केळिगेंदोडवट्टु विटन कैविडिदोळ । शालेगे पोगुवष्टरोळु ॥
केळि सन्नेय विट्टनोत्तेय वीसाडि । सूळेय रेयिंद नोडिदरु ॥ ७६ ॥

अर्थ—एक वेश्या विट के साथ क्रीड़ा के लिये स्वीकृति देकर अन्दर जा रही थी । इतने ही में वाजे के शब्द को श्रवण कर उस विट को वहीं छोड़कर भाग गई और महाराज भरत की शोभा को टकटकी बाँधकर देखने लगी ॥ ७६ ॥

One prostitute had given her consent to her lover and was going inside the room, when all of a sudden she heard the sound of the coming procession. She left the man ran away and began to gaze at the Raja's beauty (76)

पद्य—वहुदिन वेटव वळसिद विटरोल्दु । गृहकेय्दे कंडतिंपाग ॥
महिपन पयण सन्नेय केळि विटर नि । स्पृह माडिवंदु नोडिदरु ॥ ७७ ॥

अर्थ—वहुत दिनों से अपेक्षित विट पुरुष को घर पर आने पर वहुत हर्षित होने वाली वेश्यायें जुलूस के शब्द को सुनते ही विट के प्रति निस्पृह होकर भाग गईं और राजा भरत की ओर निस्तब्ध होकर देखती रहीं ॥ ७७ ॥

A number of prostitutes, at whose infamous abodes their previously invited guests had come and who were enjoying their company, left them with indifference and ran to see the Raja (77)

पद्य—मुनिद् नल्लर दैन्यदिंद तिळ्हुतिद् ¸ । मुनिसिन्दु तिळिवुदेंवाग ॥
जनपन पयण सन्नेय केळि नल्लर । नेनेय देयूतंदु नोडिदरु ॥ ७८ ॥

अर्थ—किसी घर में स्त्री, पुरुष परस्पर में क्रोधित होकर झगड़ रहे थे । उसी समय महाराज भरत के दिग्विजय के शब्द को सुनकर आपसी मत भेद तथा झगड़ा भूल गये और उनके दर्शनार्थ सहर्ष चल दिये ॥ ७८ ॥

In one house a couple were hotly engaged in quarrel As soon as the noise of the coming procession fell on their ears, they forgot their quarrel and with happiness together ran out to have a sight of their emperor (78)

पद्य—वीळेयगोंवुद मरेदु जारिद तम्म । सेज्जेय सेरग नरियदे ॥
वेळ्ळागि वायूविट्टु वयसि नोडिदर.ग । सूळेयरा चक्रवरना ॥ ७९ ॥

अर्थ—जब वेश्या और विट दोनों सप्रेम पान खाने बैठे थे वे भी महाराज भरत की सवारी के शब्द को सुनकर पान खाना भूल गये और वेश्या तथा विट दोनों अपने कपड़ों को सम्भालना भूलकर राजा भरत को देखने लगे । ७९ ॥

In one house a prostitute and her visitor were engaged in love affair and were enjoying betels But as soon as they heard the beating or the drums, they forgot even to arrange their clothings properly and began to look towards the procession (79)

पद्य—आडलळवे चक्रनाथ न सोवगनु । नोडिद् पेएगळ्ळ्ल्लि ॥
नोडुत सैवरे गागिद्रुसुरद । ल्लाडद् पुत्थळियंने ॥ ८० ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी के सौंदर्य का क्या वर्णन किया जाय ! जिन स्त्रियों ने उनका दर्शन प्राप्त कर चुकीं, वे अपने को भूल गई और स्तब्ध पुतली की भाँति खड़ी हो गई ॥ ८० ॥

What can be said about the beauty of the Raja's person I have no words to express it Those ladies who saw him forgot themselves and stood at their places like images (80)

पद्य—नरे वंद मुदुकियररे वायदेरेदु कों । डिरदल्लि गोडेय नेम्मि ॥
भरत राजन नोडि अमिसिदरंदरे ।तरुणियरेदे सुम्मनिहुदे ॥ ८१ ॥

अर्थ—जिनके केश अति परिपक्व (जीर्ण) थे ऐसी ६० वर्षीया वृद्धा महाराज भरत को देखकर कामान्ध हो गई। और आधा मुंह खोलकर देखने लगी तथा भ्रमित हो कर दीवाल के सहारे टिक गई। तब तरुण स्त्री के हृदय में जिस प्रकार की भावनाओं का संचार हुआ होगा यह तो पाठक गण स्वयं ही समझ सकते हैं ॥ ८१ ॥

Old haggard ladies of sixty and above whose hair had grown grey got infatuated with passion at the sight of the Raja Who can then describe what would have happened to the hearts of the ladies who were in the full bloom of youthfulness (81)

पद्य—हेंगळु सोल्वदेनच्चरि पुरद ज। नंगळु राजमन्मथन ॥
शृंगार केदेसातु नोडुत भ्रांत सा। रंगदंत डियिट्ट रोडने ॥ ८२ ॥

अर्थ—स्त्रियों की तो बात ही क्या है ? नगर के पुरुष तक भी महाराज भरत के सौंदर्य का अवलोकन कर मुग्ध होकर भ्रान्त चित्त हो गये ॥ ८२ ॥

Let alone the ladies even men forgot themselves on looking at the handsomeness of their emperor (82)

पद्य—मानिनियरु तन्न नोडुतिद्दरु राय। तानवरनु नोडुतिल्ल ॥
आनेय कुंभदतीचि सुतेयतंद। येन कलितनो गौरववा ॥ ८३ ॥

अर्थ—स्त्रियाँ भरत की ओर बड़ी चाह से देख रही हैं। पर राजा भरत की दृष्टि गज-मस्तक की ओर ही थी। वे इधर-उधर देख नहीं रहे थे। ये गम्भीरता भरत जी ने कहाँ सीखी थी ? ॥ ८३ ॥

The looks of all the ladies were rivetted on the Raja's person but his looks were fixed on the head of the elephant He was not looking on any side Where did he get this sagacity (83)

पद्य—त्रिभुवनसार चिदम्बर पुरुषन। विभुवव कंडात्म सुखिगे ॥
लुबित बहुदे चित्त मत्त गजवनेरि। प्रभु सारुतिद्द नोजेयोळु ॥ ८४ ॥

अर्थ—जिन महा पुरुषों ने तीनों लोक में सार्वभूत श्री चिदम्बर पुरुष परमात्मा के अतुल वैभव का दर्शन किया है, क्या उसका चित्त इधर उधर के क्षुद्र विषयों में क्षुब्ध हो सकता है ? कभी नहीं। इस लिये महाराज भरत जी भी मत्त गज के ऊपर आरूढ़ होकर बड़ी गम्भीरता से जा रहे हैं ॥ ८४ ॥

There is nothing surprising in this Those great persons, who have through their inner vision gained the 'darshan' of the Lord Chidamber Purusha, the supreme being in all the world, cannot allow their minds to be vitiated by such lower animal feelings This was the explanation for the considerateness of Raja Bharat, who was proceeding seated on his elephant. *(84)*

पद्य—कोटि पात्रगळु सिंगरवागि मुंदे स । घाटिसि नृत्यवनाडे ॥
चाटु पाठकरु कैयेत्ति कीर्तिसे नडे । नाटक दोळ्गेयुदुत्तिर्दा ॥ ८५ ॥

अर्थ—करोड़ों नर्तकी स्त्रियाँ शृङ्गार करके आगे से नृत्य करती हुई जा रही हैं । और उनके साथ अनेक श्रुति पाठक गण विविधि सौम्य शब्दों से श्री भरतेश जी की शुभ कामना करते हुये जा रहे हैं ॥ ८५ ॥

Ahead of the procession were dancing with pleasure thousands of dancing girls followed by bards singing the praise of the king, and praying for his well being. *(85)*

पद्य—पुरुजिन सूनु पुष्पायुध नग्रज । भरत षट्खंडाधिनाथा ॥
गुरु हंसनाथ भावक जयवेंबर । करिगरल्लल्लि कैयेत्ति ॥ ८६ ॥
पद्य—मेदनीशरगंडमत्तेयदेरोधि र । जोदयाट विगुरिगंड ॥
कादलोड्डुव राजगिरि वज्रदंड नें । दोडुत्तिहरु भट्टरल्लि ॥ ८७ ॥
पद्य—इरियद पंथवमेरेयदमोडिय । अरियद कलेयजाणमेयनु ॥
होररचनेयोळु होगळिसि कोंवरगंड । नेरे चांगु वलरेंवरल्लि ॥ ८८ ॥

अर्थ—आर्य पुत्र, पुष्पायुध, अग्रज भरत षट् खण्डाधिपति गुरू हंसनाथ भावक ! आप की जय हो, इस प्रकार प्रत्येक प्राणी हाथ ऊपर उठाकर जय २ कार कर रहे हैं ॥ ८६ ॥

अर्थ—संपूर्ण पृथ्वी के राजपति ! अहंकारी, विरोधी राजगण रूपी जंगल के लिये दावानल-सदृश प्रति स्पर्धा करने वाले तथा राजगिरि के लिये वज्र दंड के रूप में रहने वाले आप की जय हो ॥ ८७ ॥

अर्थ—हे राजन् ! लोक में आत्म कला, विवेक से वंचित होने के कारण बहुत से राजा अपने कर्त्तव्य को न जानते हुये भी भाट रचनाओं से अपनी प्रशंसा कर लेते हैं ऐसे राजाओं के ऊपर भी आप अपना आधिपत्य रखते हैं, अतएव आप की जय हो ॥ ८८ ॥

Everyone was shouting with hands raised "Victory to you Rajan, Arya-putra, the devotee of Parmatman Hansnath and the head of the rulers of Bharat Kand".

Jai (victory) to you Rajan, the destroyer of proud foes like five to the forest, and the emperor of those kings also who through devoid of the knowledge of soul have attained fame through external achievements. (86-88)

पद्य—सिरियोळु शीलदोळोजेयोळाज्ञेयो । ळरसुतनदोळुवीरदोळु ॥
धरेयोळु त्यागदोळ् भोगदोळ् नरलोक । सुरपति जययेंब रोडने ॥ ८६ ॥

अर्थ—मृत्यु लोक में संपत्तिशील, तेज, आज्ञा प्रभुत्व, तथा वीरता इत्यादि गुणों से युक्त ही नहीं, बल्कि त्याग व भोग में आप सुरपति के समान हैं, इस लिये आप की जय हो ॥ ८९ ॥

"Victory to you, Rajan, who in this middle world is like the Indra in enjoyment and renunciation and who possesses brilliance, authority, bravery, and other qualities" (89)

पद्य—रंजिसि पात्र वाडुवरल्लि गल्लि पु । ष्पांजलि माळ्परल्लल्लि ॥
जंजडविल्लदिडुवरुनिवाळिय । कुंजर निदिरोळानृपगे ॥ ६० ॥

अर्थ—वहुत से कलाकार गण अनेक वैभव के साथ भाँति भांति के खेल बतला रहे हैं। और बहुत से पुजारी वार २ सम्मुख आकर श्री भरतेश की आरती उतार कर शुभ कामना कर रहे हैं। तथा अनेक प्रकार के सुगंधित पुष्पों को हाथ में रखकर जयनाद कर रहे हैं ॥ ९० ॥

Artists were showing their art in different manners, the admirers were offering 'arti' every now and then before the Raja and were shouting cries of 'Jai' offering the presents of fragrant flowers. (90)

पद्य—अडिगडिगिदि रोळारति यनेत्तुवरु म । त्तेडवलदोळुपुरजनवु ॥
मुडिवाळ मोल्ले मल्लिगेयनानेय मेल । किडुतुन्वि जयजयें वरोसेदु ॥ ६१ ॥

अर्थ—इस प्रकार पुनः पुनः आरती उतारते हुये दायें व वायें तरफ पुरुजन, परिजन अनेक प्रकार की पुष्प वृष्टि करते हुये जय जय कार कर रहे हैं ॥ ९१ ॥

All-round were admirers shouting cries of 'Jai' showering flowers and offering arti (91)

पद्य—वीरावळियनु नोडुवरोंदु देसेयोळु । दा रावळियनु नोडुवरु ॥
चारु गुणावळियोंदु देसेयोळु शृं । गारा वळियनु नोडुवरु ॥ ९२ ॥

अर्थ—एक तरफ वीरावली दूसरे तरफ दारावली, एक तरफ वीर गुणावली दूसरी तरफ शृङ्गारावली है, इन सब की शोभा प्रत्येक प्राणी को पारमानन्दित कर रही है ॥ ९२ ॥

All kinds of praises were showered allround pleasing everyone. (92)

पद्य—करि करिगोंडु वाजिप वाद्यरभस दो । ळुरुजय जयरभसदोळु ॥
कुरु कुरुमेट्टि लानेय मेले बंदनु । मेरेव देहार दंददोळु ॥ ९३ ॥

अर्थ—इस प्रकार राजा भरत भाँति २ के वाद्य गायन तथा जयघोष के साथ पर्वत के समान शोभने वाले, हाथी के ऊपर बैठकर प्रत्येक महल से होते हुये जुलूस के साथ जा रहे हैं ॥ ९३ ॥

With this splendour Raja Bharat seated on his hillock like elephant was passing in a procession with bands playing through different palaces. (93)

पद्य—मुंदे नर्तिपरिगे होगळुवरिगे लीले । यिंदुडुगोरे गळनिडुत ॥
मंदराद्रियनेरि सूर्यनेयुतप्पंते । बंदनु मदगजवेरि ॥ ९४ ॥

अर्थ—श्रुति पाठकों एवं खिलाड़ियों को अनेक प्रकार के पुरस्कार वितरण करते हुये श्री भरत जी इस प्रकार जा रहे हैं मानो सुमेरु गिरि पर चढ़कर सूर्य आ रहे हों ॥ ९४ ॥

On the route he was distributing prizes and rewards to different reciters of scriptures, bards, and dancers He looked like sun coming on mount Meru (94)

पद्य—दुगुलद तोरण पुष्प तोरण तळि । रुगळ सत्फलद तोरणवा ॥
नुगुळुते यतंदनु हलवु वरणदसाळ । मुगिल नुसुळुवनर्कनंते ॥ ९५ ॥

अर्थ—दिग्विजय किशुभ कामना से श्री भगवान जी के स्वागतार्थ नगर में यत्र तत्र तोरण बंदन करा दिये हैं । कहीं वस्त्र का तोरण कहीं पुष्प का तोरण और कहीं कोमल पत्तों का तोरण इन सब तोरणों को पारकर जब भरत जी आगे बढ़ रहे थे उस समय ऐसा मालूम हो रहा था कि मानों अनेक वर्णों के सूर्य आकाश में चढ़ रहे हों ॥ ९५ ॥

Everywhere there were buntings and flags to bid Raja Bharat a royal

farewell on the eve of his departure for Digvijay. There were buntings of cloth, buntings of flowers, buntings of leaves and other buntings Bharat Ji passing through them looked as if sun was passing through sky of different colours (95)

पद्य—कंचिन तोरण कनक तोरण रत्न । संचयतोरणगळनु ॥
मिंचिन मालेय नुगुळ्व चंद्रमनंते । हिंचिसि नुगुळ्तेयिददनु ॥ ९६ ॥

अर्थ—कहीं कांसे के तोरण तो कहीं स्वर्ण के तोरण और कहीं रत्न संचय तोरणों को भी पार कर श्री भरत जी ऐसे मालूम हो रहे थे कि मानों प्रतिभाशाली चन्द्रमा अनेक नक्षत्रों के बीच में से चमकता हुआ जा रहा हो ॥ ९६ ॥

Then there were 'kansa' buntings, gold buntings, and pearls buntings. While Bharatji was passing under them, it appeared as if glorious moon was coming through a galaxy of shining stars (96)

पद्य—तोरणगळ रायं नुसुळ्वाग मेलोडिड । सेरिसिर्दलरपोट्टणवा ॥
दूर दोळिद् सूत्रव मिडिदुरे पुष्प । सारभिषेक माडिदरु ॥ ९७ ॥

अर्थ—उन तोरणों की रचना में यह विशेषता थी कि कहीं कहीं उसके बीच में पुष्प पोटली बांधकर रक्खी गई थी। भरत जी जब उसमें प्रवेश कर रहे थे तो दोनों तरफ दो दीर्घ डोरी खींचने से उन पर पुष्प वृष्टि होती थी तब सब लोग जय जय कार करते थे ॥ ९७ ॥

There was some novelty in the manner in which the buntings were set up They had tied a small bundle of flowers in them at different places. Two strings were tied to them The strings were pulled on either side, (when Raja Bharat passed under them) releasing bunches of flowers on him At that time people used to shout cries of 'Jai' (97)

पद्य—सिरिवनदोळगे मन्मथ राज बर्प्पंते । पुरद वीदियोळितु बंदु ॥
सिरि नेलसिप्प होत्तिनोळु विनीता । पुरद कोटेयनुदाटिदनु ॥ ९८ ॥

अर्थ—नगर प्रयाण की शोभा इस प्रकार अपूर्व थी, जिस तरह शृङ्गार वन में मन्मथ राजा बहुत वैभव के साथ प्रवेश करता है। उसी प्रकार राजा भरत जी अयोध्या के परकोटा को पार किया ॥ ९८ ॥

The ceremony of departure from the city was being celebrated with great eclat Raja Bharat reached the outer wall of the city like cupid entering a garden flowers (98)

पद्य—पट्टणवनु दाटि पोज नोडुत्त बळु । बट्ट वयलिगागि नृपतिं ॥
वेट्टदानेयनेरि वरुतिर्द निन्निंगे । पट्टण पयणद संधि ॥ ६६ ॥

अर्थ—नगर के वाहर प्रस्थान के लिये विशाल सेना तैयार होकर खड़ी है । और सेनापति जी सम्राट् की आज्ञा की प्रतीक्षा में हैं । महाराज भरतजी भी उसी ओर से जा रहे हैं और सजी हुई सेना को देखकर उन्हें अपार हर्ष हुआ ॥ ९९ ॥

A vast army was standing outside the wall ready for the march and the commander-in-chief was waiting for orders from his Majesty, the king Bharatji emerged on the same side and was pleased to see his well equipped army (99)

पद्य—ई जिन कथेयनु केळ्दिवर पाप । बीज निर्नाशनवहुदु ॥
तेज वहुदु पुण्य वहुदु मुंदोलिप । राजितेश्वरणकारुवरु ॥ १०० ॥

अर्थ—इस जिनेश्वर की कथा को जो सुनेगा उसका पाप वीज नष्ट होगा । तेज की वृद्धि होगी एवम् पुण्य वन्ध होकर अन्त में अपराजित पद को पावेगा ॥ १०० ॥

Those person who will hear this glory of Raja Bharat with rapt attention will destroy the seeds of their sins, will get all the happiness and in the end attain un conquerable position (liberation) (100)

पद्य—प्रेमदिंदिद नोदिदरे पाडिदरे केळ्द् । रामोद वैदुवरवरु ॥
नेमदि सुररागि नाळे श्रीमंदर । स्वामिय काणवरतियोळु ॥ १०१ ॥

अर्थ—इस कथा को जो लोग प्रेम से पढ़ेंगे तथा सुनगे वे आमोदको प्राप्त होंगे और निश्चय से देवपद को प्राप्त कर अन्त में जाकर प्रेम से श्रीमन्दरस्वामी का दर्शन करेंगे ॥ १०१ ॥

Those who will read this with attention and recite it with devotion will have the 'darshan' of Simandhara Swami in Videha Kshetra (101)

पद्य—अत्यत भोगवनधिक सौभाग्यव । सत्यात्मरिगे माळ्पशांता ॥
स्तुत्या नीनेन्नोळगिरु भव्यकमला । दित्या चिदम्बरपुरुषा ॥ १०२ ॥

हे परमात्मन् ! आप भव्य कमल के लिये सूर्य के समान हो, प्रशान्त हो, और जो लोग सत्य प्रकृति के हैं उन्हें अत्यन्त भोग व शोभा प्राप्त करने में प्रधान सहायक हो अतएव आप स्तुत्य हो और मेरे हृदय में सर्वदा बने रहो ॥ १०२ ॥

Parmatman ! you are like sun to the lotus like Bhavyas, and your name is a source of happiness and enjoyment to the votaries of truth. You alone are praisworthy May you always reside in my heart. (102)

॥ इति द्वितीय भागस्य द्वितीय सर्ग पत्तन प्रयाण संधि संपूर्णम् ॥

तृतीय सर्गः

❁ दशमी प्रस्थान संधि ❁

पद्य—मूजग तुंविद जीव राशिय पौज । माजदावाग काण्व भवा ॥
राजित मतिदोरु कैवल्य लोकाधि । राज निरंजन सिद्धा ॥ १ ॥

अर्थ—पोल में कूट कूट कर भरे हुये तिल की भांति तीन लोक की पोल में भरे हुये समस्त चराचर जीवों को एक साथ ही केवल ज्ञान रूपी नेत्रों से देखने वाले ज्ञानाधिपति हे निरंजन सिद्ध भगवान्! आप सर्वदा मेरे हृदय में रहकर मुझे विशुद्ध बुद्धि प्रदान कीजिये ॥ १ ॥

Purify, my heart O Lord,
Reside in my heart, O Lord
Omniscience is thine eyes
O Lord,
Thou perceivest all beings
O Lord,
filling the whole universe
O Lord,
Like rapeseed compact pit
O Lord (1)

पद्य—इभवनडरिभरतेशनानावाद्य । रभस दोळेयुत रुवाग ॥
अभि मुखदोळु मुंदे वन्निय मरदल्लि । प्रभे दोरेदुदु चक्ररत्ना ॥ २ ॥

अर्थ—अनेक वैभव के साथ श्री भरतेश जी हाथी पर चढ़कर आगे जा रहे हैं। अयोध्या नगर के बाहर कुछ दूर पर ही सामने एक विजयवृक्ष पर चक्ररत्न का प्रकाश दिखाई दिया ॥ २ ॥

Mounted on an elephant Bharatji was proceeding with all grandeour. The lustre of Chakra Ratna propped against Vijai tree was visible at a little distance from Ayodhya (2)

पद्य—सिंहलग्न दोळरमनेयिंद तेरळ्वाग । सिंहासनेशनाज्ञेयोळु ॥
रंहदि दंडनायक नडेसिद चक्र । तां होळेदोप्पि तिदिरोळु ॥ ३ ॥

पद्य—फलपुष्प झल्लि पट्टेगळिंद श्रृंगार। वळवट्ट विजय वृक्षदोळु ॥
तोळगुतिद्दु चक्ररत्न रायन महा। वल नोड लच्चरिवट्ट ॥ ४ ॥
उन्नत देळेगोनेगळु घाळियिंद कै। सन्नेगैवंददितूगे ॥
बन्नियेदेल्लरनोत्तिगेकरेवंते। वन्निय मर विराजिसितु ॥ ५ ॥

अर्थ—सिंह लग्न में सिंहासनाधीश श्री भरत जी जब राज महल से बाहर निकले तो इनकी आज्ञा से सेनापति ने अनेक अलंकारों से अलंकृत करके चक्र रत्न को आगे चलाया और वह चक्ररत्न विजयवृक्ष पर चमकने लगा ॥ ३ ॥

अर्थ—"उसका शृङ्गार" फल, पुष्प, झालरादि अनेक वस्त्रों से इस प्रकार सुशोभित किया था, वे पराक्रमी राजा भरत जी के सामने अत्यन्त चमक रहे थे ॥ ४ ॥

अर्थ—विजयवृक्ष में लगे हुये पुष्प कलियों के गुच्छे हवा के झोंकों से हिलते हुये इस प्रकार मालूम देते थे कि मानो विजयवृक्ष स्वयं ही हाथ हिलाकर श्री भरत जी को बुला रहा हो ॥ ५ ॥

While Bharteshwar was proceeding forward with all glory out of Ayodhya he saw the lustre of ChakraRatna on the victory tree ahead Bharteshwarji ordered the Commander to move the Chakra Ratna forward. The Chakra Ratna was fully decorated to the very liking of Emperor Bharat In the Shiv Lagon (auspicous moment), the Vijai tree (tree of victory) was decorated with different varieties of fruits and flowers and adorned with multifarious borders The beautilul sight of nicely decorated Vijai tree with the glare of Chakra Ratna filled Bharat with thrill and astonishment Chakra Ratna was moving to and fro in the open air in such a way as if it was calling Bharteshwar (3-4-5)

पद्य—सुट्टल्दुव शंख विप्पुत्तु नालकेंत्ति। कुट्टुव भेरि पन्नेरडु ॥
मुट्टुव पटह पन्नेरड रोळ्वन्निय। कट्टेय सादनाराय ॥ ६ ॥
अंके गोट्टानेय निल्लसि मेल्गिर्दो। दंकुशदोळु हस्तविट्टु ॥
चिंक दोळ्ळोलेदु नोडिदनु श्रृंगारद। सोंकिनोळेसेवप्रायद्ळवा ॥ ७ ॥

अर्थ—अनेक प्रकार के तुड़ही, व चौबीस प्रकार के भों भों शब्द करने वाले शंख, तथा बारह प्रकार के वाद्यादि बाजे गाजे के साथ श्री भरत जी विजय वृक्ष के पास गये ॥ ६ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी विजयवृक्ष के पास गये। वहां जाकर हाथी के गंडस्थर पर अंकुश रखकर हाथी को खड़ा करके चारों ओर देखा तो सारी पृथ्वी सेना से परिपूर्ण दिखाई दी ॥ ७ ॥

पद्य—कएणेट्ट्‌ वष्टरोळ्वेत्त नोडिद्‌रत्त । हरिएणदानेगळु तेजिगळु ॥
वएण वगेय रथ वीर भटर मोत्त । पएणे पएणेयोळ्दिु दाग ॥ ८ ॥
वेरे वेरेल्लल्लि पौजिक्क तम्मेळे । दोरुव टिक्केयनेत्ते ॥
चीरुव कहळे कोंवि नोळ्दि रैव । तारु देशद धरणिपरु ॥ ९ ॥

अर्थ—राजा भरत जी जिधर ही दृष्टि डालते थे उधर ही अनेकानेक हाथी, घोड़े, रथ तथा योधा ही दिखाई देते थे ॥ ८ ॥

अर्थ—उस समय अनेक वैभव के साथ अपनी सेना सजाकर साथ में लेकर पृथक् पृथक छप्पन देश के राजा आने लगे ॥ ९ ॥

Emperor Bharat was going mounted on elephant to have the sight of Chakra Ratna with all the courtiers and twentyfour varieties of musical insttruments with different kinds of drums Emperor Bharteshwar while seeing the Vijai tree, put his hand on the forehead of the elephant and saw his countless army and all the kings of 56 countries with their armies in all the four direcitons- (6-9)

पद्य—जय राज नेंद्‌योध्यांकनेंदि्‌तु च । क्रिय द‌ळपति गेरळ्पेसरु ॥
जयवंत नव नतिवीर विवेकि च । त्रिय निर्दनरसनोत्तिनोळु ॥ १० ॥

अर्थ—राजा भरतजी के सेनापति जयराज हैं। इन्हें अयोध्यांक भी कहते हैं। इन्होंने संपूर्ण सेना की समुचित व्यवस्था कर दिया है। ये विजय शील, पराक्रमी, विवेकी तथा असल क्षत्री हैं। ये भरत जी के निकट विद्यमान हैं ॥ १० ॥

Jaikumar, the commander-in-chief of Bharat's army also known as Ayodhyaank had marvellously trained organised armed forces Jaikumar was most prudent, brave and he belonged to the respectable family of Kshattriya and he always remained with the Emperor Bharat (10)

पद्य—मध्यान्ह तिरुगि सूर्य्य जावदोळ्ग। योध्यन कैमन्नेगेळ ॥
अध्यल राजरु सर्तंदु कंडर । योध्याधिपतियनेनवे ॥ ११ ॥

अर्थ—अपराह्न काल में तीसरे पहर राज सभा हुई। सेनापति जंराज के संकेत से सब राजाओं ने आकर श्री भरत जी का दर्शन किया ॥ ११ ॥

In the midday, the court began its functions and all the kings noticing the presence of the commander-in-chief Jaikumar came forward to have the sight of the great emperor Bharat (11)

पद्य—सिंगाडि बिल्ल मोहरद्ल्लि हिरिय तु। रंगवनेरि कुशिसुत ॥
अंगदेशद रायमुंगडे गेयि्द रा। यंगे कैमुगिदु सागिद्रु॥ १२ ॥

अर्थ—अनेक शृङ्गार के साथ अश्व पर बैठकर अङ्ग देश का राजा आया। और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में प्रेम पूर्वक नमस्कार करके उनके सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया ॥ १२ ॥

The ruler of Angdesh came forward holding a big bow hearing his inscriptions paid his salutation to King Bharat and stood aside (12)

पद्य—भल्लिय बिल्ल मोहरद नडुवे दोड्ड। बोल्ल ननेरि कुशिसुत ॥
पल्लव देशद नृप बंदु नृपनिदि। रल्लि कैमुगिदु सागिदनु ॥ १३ ॥

अर्थ—बीच में चांदी की मुहर लगी है जिसके ऐसे विशाल धनुप को हाथ में लेकर पल्लव देश का राजा आया। यहां आकर बहुत सा भेंट श्री भरत जी को देकर प्रेम पूर्वक चरणों में नमस्कार करके सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया ॥ १३ ॥

Then came the ruler of Pallav Desh mounted on a horse, holding in his hand his bow bearing his flag, and bowed before the Emperor with grace (13)

पद्य—बेळ्ळिय कट्टिण बिल्ल मोहर दल्लि। सल्लीले योळ्ु तेजियेरि ॥
वल्लिद् निदिरोळ्ु बंदु कैमुगिदोरे। यल्लि केरळराय नोलेदा ॥ १४ ॥

अर्थ—चॉदी से मढ़े हुये धनुष में अपनी मुहर लगाकर घोड़े पर चढ़कर केरल देश का राजा आया। वह बहुत सी भेंट श्री भरत जी को समर्पित करके चरणों मे प्रेम पूर्वक नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ १४ ॥

Then came the king of Kerala, sitting on an elephant and holding in his hand a bow mounted with silver

He bowed to the king and took his place on one side ((14)

पद्य—चिन्नद कट्टिन बिल्ल मोहरदल्लि । कन्नील नेरि कुणिसुत ॥
मन्निधि गेयुतंदु कै मुगिदोलेदनु । कान्नोजराज नोजेयोळु ॥ १५ ॥

अर्थ—स्वर्ण जड़े हुये धनुष में अपनी मुहर लगाकर कनेर रंग के घोड़े पर बैठकर उसे नचाते हुये कन्नौज देश का राजा आया । और बहुत गौरव के साथ बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर प्रेम पूर्वक चरणों में नमस्कार करके सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया ॥ १५ ॥

Then came the king of Kanauj mounted on a horse of deep brown colour and holding in his hand his golden bow bearing the flag He saluted the Emperor Bharat and stood aside (15)

पद्य—करिय कट्टिन हरिगेय बेळुवरि कें । बरिगेय मोहरदल्लि ॥
तुरुगवडरि बंदु कैमुगिदोलेदनु । करहाट देशद राया ॥ १६ ॥

अर्थ—काले रंग के धनुष के मध्य में चांदी की मुहर लगाकर करहाट देश का राजा आया । वह बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर प्रेम पूर्वक चरणों में नमस्कार करके सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया ॥ १६ ॥

Then came the ruler of Karhat mounted on a red horse and bearing a bow coloured black and bearing his seal in silver He bowed before the Emperor and took his place (16)

पद्य—चिन्नद कासे बेळ्ळिय कासे निडुभल्लि । कन्नडि नड्ड हरिगेय ॥
सन्नहदोळु बंदु सौराष्ट्र देशद । मएणेय मणिदु सागिदनु ॥ १७ ॥

अर्थ—अनेक भांति की ध्वजा, पताका, चांदी के चमर आदि तथा अनेक गाजे बाजे के साथ सौराष्ट्र देश का राजा आया । तथा बहुत सी भट श्री भरत जी को देकर प्रेम पूर्वक चरणों में नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ १७ ॥

. Then proceeded forward the chieftain of Saurashtra holding in his hand his bow mounted with silver and gold shining like rain-bow and mounted on a new horse He bowed before the emperor and took his place (17)

पद्य—अरिद तन्नेय कीर्ति मुखद पेरानेय । पिरिय मिंहद हरिगेगळ ॥
नेरत्रि नोळेयिद्द केमुगिदु काशिय देश । दरम नोलेदनोंदु देसेगे ॥ १८ ॥

अर्थ—अनेक हाथियों के बीच में एक छोटे हाथी को बहुत सजाकर उसपर बैठकर काशी देश का राजा आया। और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ १८ ॥

Then came the ruler of Kashi seated on an elephant and surrounded with other elephants and saluted the emperor He also occupied his place (18)

पद्य—होगेयंते पेटळु तुपाकिय बलगूडि । धिगिधिगिनिदिरिगे बंदु ॥
नगेमोगदरसगे कैमुगिलोदनु । तिगुळररसनोंदु कडेगे ॥ १९ ॥

अर्थ—भयंकर शब्द करने वाले फटाके के साथ तिगुल देश का राजा आया और अनेक प्रकार की भेंट समर्पित करके चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ १९ ॥

Then came the ruler of Tigul on an elephant displaying fire work bowed before the emperor and took his place on one side (19)

पद्य—गडेयूटि कैगत्ति सबळ मुंताद पे । बंडेगूडि घुडुघुडु नेयूदि ॥
ओडेयगे कैमुगिदोय्यने तेलुग ना । डोडेय सागिदनोंद बळिगे ॥ २० ॥

अर्थ—घुड़ घुड़ शब्द करते हुए अपनी सेना के साथ तेलुग देश का राजा आया। और विविध प्रकार की भेंट श्री भरत जी को समर्पित करके चरणों में सादर नमस्कार करके खड़ा हो गया ॥ २० ॥

Now came the chief of Telgu with bands playing and bowed to the emperor (20)

पद्य—संजोग दश्वगळत्तित्त कोळिय । हुँजुनंददि पारि हरियै ॥
कुंजरद ग्रदोळ्सेव रायन हुरु । मुंजियरस बंदु कंडा ॥ २१ ॥

अर्थ—अनेक प्रकार से सजी हुई सेना को साथ ले हुरमुंजि देश का राजा आकर बहुत सी भेंट देकर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ २१ ॥

Then pushed forward the king of Munja country accompanied by well decorated army who stood with folded hands after offering many presents and saluting him (21)

पद्य—हारैसु तेरइ कालेत्ति निंदुलि देळ्व । वाम्बगळ वळसिनोळु ॥
सारलेयुतेंदु चक्रिगे कैय मुगिदनु । पारसिनाड वल्लहनु ॥ २२ ॥

अर्थ—अनेक घोड़ों के बीच में एक घोड़े पर बैठकर दोनों पावों को ऊपर करके घोड़े को नचाते हुए पारसीय देश का राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर उनके चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर खड़ा हो गया ॥ २२ ॥

Then came the chief of Persia mounted on a horse standing on its hind legs and saluted the emperor (22)

पद्य—धारिणियोळु निंदु निल्लदे कुणिदेळ्व । कारुरगनु कणेवट्टा ॥
चेर चोळ्नु कैर तेजिगळोडगूडि । चेरदेशद राया कंडा ॥ २३ ॥

अर्थ—पृथ्वी को स्पर्श न करने वाले ऐसे आकाश गामी घोड़े पर बैठकर उसे नचाते हुये और नाना प्रकार के गाजे बाजे के साथ चेर देशीय राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ २३ ॥

Then proceeded the king of Ber with army and bowed before the emperor. (23)

पद्य—गंध वाहन शीघ्रगति तम्म मुंदे जां । त्यंधद गतियेंदु नगुत ॥
बंधुर वाजिगळोग्गि नोळ्येतेंदु । सिंधुदेशद राय कडा ॥ २४ ॥

अर्थ—परम सुन्दर शीघ्रगामी जात्यंद घोड़े को आगे करके अनेक घोड़ों के साथ सिंध देशीय राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ २४ ॥

Seated on a Jatyand horse came the King of Sindhu with smiling face paid his respects to the emperor and stood aside (24)

पद्य—होल्केय कुदुरेय हिंडिनोउ तानोदु क । चळ्न दुव्वाळिमि बंदु ॥
कलहरि देशद राय कैमुगि दोग्य । नोते दोंदु देशेयोळ् निंदा ॥ २५ ॥

अर्थ—नाना प्रकार के घोड़ों को खूब सजाकर कलहरि देश का राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ २५ ॥

पद्य—गुड्डेगळनु वळनेट्टगळनु तेगे । दोड्डोड्डि नडेसुवंददोळु ॥
दोड्डाने चिक्कने योड्डि नोळड्ड वं । दोड्डिराय कैमुगिदा ॥ २६ ॥

अर्थ—छोटे छोटे पर्वतों को सूँड़, पांव से ठुकराते हुये अनेक छोटे हाथियों के मध्य में एक बड़े हाथी पर बैठकर ओड्डि देश का राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को समर्पित कर चरणों में सादर नमस्कार करके हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ २६ ॥

पद्य—कुँड्युपमान कुंभस्थळगळ परि । चंड्य मत्तेभ घटेयोळु ॥
पांडय देशद राय बंदु कंडनु वैरि । दंड्यमानन धरणिपना ॥ २७ ॥

अर्थ—अनुपमेय गंडस्थल से सुशोभित मतवाले हाथियों के साथ पांड्य देश का राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ २७ ॥

पद्य—सिंहनादकेरडे दत्तित्त कदलुत । बृंहिसुवाने योड्डिनोळु ॥
सिंहपराक्रम निदिरेयिद्द कंडनु । सिंहळ देशद राया ॥ २८ ॥

अर्थ—सिंह के समान गर्जते हुये विशाल हाथी पर बैठकर शिव पराक्रमी श्री भरत जी के सामने सिंहल देश का राजा आकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ २८ ॥

पद्य—आर्जिसि दोंदोंदु दुर्गगळंते स । म्मार्जिसि चौकदोळेसेव ॥
ऊर्जित रथ दोड्डिनोळु बदु कंडनु । गुर्जर देशद राया ॥ २९ ॥

अर्थ—किले के समान ऊँचे ऊँचे रथों को सजाकर गूर्जित रथ के साथ गुर्जर देश का राजा आया। और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ २९ ॥

पद्य—चाप बाणगळिगे भटरिगे तेरपिन । रुपिंदनोडलोंदोंदु ॥
द्वीपदंतेसेव रथदोळेयिदिकंडनु । नेपाळ देशद राया ॥ ३० ॥

अर्थ—रत्नों से युक्त सजी हुई सेना में धनुष, बाण हाथ में लिये हुये शूर वीरों के साथ देदीप्यमान नैपाल देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३० ॥

पद्य—चिर्वोकु गिकुगिरेंदुळ्ळुव गालिय । अमेंटेयग्विल रथदोळ्‌ ॥
वोमुगिलेंव वाद्यदोळोत्ति बंदुवि । दर्भ देशद राय कंडा ॥ ३१ ॥

अर्थ—अनेक रथों के पहियों के घरघराहट के साथ कोलाहल करते हुये विदर्भ देश का राजा आया व बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३१ ॥

पद्य—आने कुदुरे रथ कालाळ मोत्त म । मान वागिग्लोत्तिवंदु ॥
चीन महाचीन दरमुगळिव्वरु । भूनाथ गेरगि नागिदरु ॥ ३२ ॥

अर्थ—हाथी, घोड़े रथ, सेनादि को बराबर लेकर चीन व महाचीन देश का राजा आकर बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३२ ॥

पद्य—तादिसे ठण ठण तुलिव तंबदि मुंदे । कोटि भटर मोत्त हिंदे ॥
भोट्ट महाभोट्ट देशपतिगळु कि । रीटिय कंडरुव्विनोळु ॥ ३३ ॥

अर्थ—नाना भांति के टनटनाहट शब्दों को करते हुये अपने पीछे शूर वीरों को करके भोट्ट महाभोट्ट देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३३ ॥

पद्य—खेटक खड्ग कवचद भटरु नंड । गोटे यंनोले सिवरन्तु ॥
लाट महालाट देशद नृपरु म । वाटिके सिगे कंडरार ॥ ३४ ॥

अर्थ—आखेट व युद्ध में बहुत तेज चलने वाली तलवारों को हाथ में लेकर कवच पहने हुये अनेक शूर वीरों की पंक्तियाँ बनाकर लाट व महालाट देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरतेश जी को देकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३४ ॥

हय—करमपवळिदु कुंकुमद भूळिय शोण । रश्मि रंजिमे देहर्तुवि ॥
कारमीर दरमु केंग्रुगिदतु बंदु मं । दस्मितमुखद भूभृजगे ॥ ३५ ॥

अर्थ—निर्मल स्वर्णादि आभूषणों से रश्मि घोड़े को भली भांति सजाकर कुंकुम वर्ण के घोड़े पर बैठकर कारमीर देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर हाथ जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३५ ॥

पद्य—तुरक सिंगाडि खेडेय लाळि कोल नि । ष्ठुर वाक्यदाळ्गळोग्गिनोळु ॥
चुर चुर यृदि केलुगिदु गड्डद दोड्ड । तुरुक ररसु तोलगिदनु ॥ ३६ ॥

अर्थ—तुड़ही नामक वाद्य से तुड़तुड़ाहट करते हुये और भी वहुत से वाद्यों को वजाते हुये अनेक घोड़ों पर वैठकर वड़ी वड़ी दाढ़ी मूँछ वाले सैनिकों को साथ लेकर तुर्क देश का राजा आया और वहुत सी भेट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़के चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३६ ॥

पद्य—कर्णद चोकुळि गेणुह चुंगु वि । कीर्णिप चमर पताके ॥
घूर्णिप वाद्य दोळेयृतंदु कंडनु । कर्णाट दरसना नृपना ॥ ३७ ॥

अर्थ—कर्ण में किरीट, कुंडल धारण किये हुये तथा हाथ में छत्र चमर लिये हुये कर्णाट देशीय राज अया और वहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ३७ ॥

पद्य—कुंमियकुंभ दोळ कुंशविट्टुति । गंभीर मिगे नोडुतिप्प ॥
कुंमिनीपतिगे कैमुगिदोय्य नोलदनु । कांबोज देशद कर्ता ॥ ३८ ॥

अर्थ—हाथी के मस्तक पर अंकुश रखते हुए आगे पीछे देखते हुये न्याय शील कांबोज देश का राजा आया व नाना प्रकार की भेंट श्री भरत जी को समर्पित कर दोनों हाथों को जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ ३८ ॥

पद्य—तिगळ वेळगिन तेनेयंते चवरद । दांगुडि दाळिसे मेरेव ॥
संगर मल्लन कंडु कैमुगिदाग । वंग देशद रायनोलेदा ॥ ३६ ॥

अर्थ—पूर्णमासी के चन्द्रमा के समान चमकता हुआ वंग देश का राजा आया व अनेक भेंट श्री भरतेश जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर सामने खड़ा हो गया ॥ ३९ ॥

पद्य—कित्त कठारिय राजपुत्ररु गूडि । वृत्त देशद राय वंदु ॥
मुत्तिन सत्तिगे नेळलोळ गेसेवरा । जोत्तुग गेरिगिंदनाग ॥ ४० ॥

अर्थ—अनेक शस्त्रादि लेकर राज कुमारों के साथ मोती का छत्र, चमर लिये हुये वृत्त देश का राजा आया व विविध भांति की भेंट श्री भरत जी को देकर दोनो हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४० ॥

राजा भरत सिंह लग्न में दसमी के दिन सेनापति के द्वारा चक्ररत्न को प्रस्थान कराके बरगद के पेड पर विठा दिया था आज एकादशी के दि[illegible]
उसको लेकर आगे बढेगें।

यह चित्र सौभाग्यवती शान्ती देवी धर्म पत्नी ला० पुत्तीलाल जी जैन के द्वारा छपा।

पद्य—वेत्रधररु मुंदे निंदवनित्र नेंदु । धात्रीपालर तोरे नोळ्प ॥
चत्रिय रोडयगे कैमुगिदनु बंदु । चित्रकूटद देशदरसु ॥ ४१ ॥

अर्थ—अनेक वेत्रधारी राज दूत सेना के आगे हटो, चलो ऐसे कोलाहल करते हैं जिस सेना में ऐसी सेना को साथ लेकर चित्रकूट देशका राजा आया और श्री भरत जी का विविध प्रकार की भेट देकर दोनों हाथों को जोड़कर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४१ ॥

पद्य—पंचसरद पदकद मकुटद नत्र । पंचरत्नद कांति होळेय ॥
पंचबाणन हिरियण्णन कंडनु । पांचाळ देशद राया ॥ ४२ ॥

अर्थ—पाँच प्रकार के (पदक) हमेल और मुकुट में पंच रत्न की काँति से चमकना हुआ तथा पंचबाण को नष्ट करने वाला पाँचाल देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४२ ॥

पद्य—गौळ सारंगोळु चक्रिय गुणगळ । गौळ रागदोळु पाडिसुत ॥
गौळि फलदोळु लियल्तंदु कंडनु । गौळ देशद राय नृपना ॥ ४३ ॥

अर्थ—गौड़सार राग में श्री भरतेश जी की स्तुति करता हुआ गौलदेश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४३ ॥

पद्य—काळगदाळग ळोग्गिनोळु जेजेयंदु । काळेय नूदिसिकोळुत ॥
काळिंग देशद राया बंदापूर्व । कालद चक्रिय कंडा ॥ ४४ ॥

अर्थ—तुरही की ध्वनि से अनेक कोलाहल करता हुआ बड़े बड़े अश्वों के साथ सेना सजाकर कालिंग देश का राजा आया और अनेक प्रकार की भेंट श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४४ ॥

पद्य—आळु कुदुरेगळ हरिदभूचरगे त । न्माळ्वनोरवेंकंदु ॥
माळ्वपति बंदु कंडनु पडे निड्ड । माळव मुत्ति मुक्ळसि ॥ ४५ ॥

अर्थ—अपनी सेना को खूब सजाकर अनेक अश्वों को नचाते हुये मालव देश का राजा आया और बहुत सी भेंट श्री भरत जी को देकर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४५ ॥

पद्य—जवदाडे विडिदु लागिगुत नडेव भट । निवहद पोजिनोळेयुदि ॥
धवल देशद राय बंदु चक्रेश्वर । गवनतनागि साजिदनु ॥ ४६ ॥

अर्थ—अगणित सेना के साथ अनेक वाद्य, गायनादि करता हुआ मक्का देश का राजा आया और वहुत सी सेना श्री भरत जी को देकर दोनों हाथों को जोड़कर चरणों में सादर नमस्कार करके सामने खड़ा हो गया ॥ ४६ ॥

अर्थ—जिस प्रकार पिता जी पुत्र की हस्त रेखा को देख रहे है उसी प्रकार हँसते हुये पुत्र ने भी पिता की हस्त रेखा को देखना प्रारंभ किया ॥ ५० ॥

When father was looking into the lines of his son's hand, the son was also looking to the father's hand (50)

पद्य—निन्न लक्षण ना नोडिद रोडने नी । नेन्न लक्षणव नोडिदेय ॥
निन्नंते नानु नन्नंते नीनै येंदु । तन्न कंदन कूडे नुडिदा ॥ ५१ ॥

अर्थ—भरत जी पुत्र से कहने लगे कि बेटा ! मैंने तुम्हारे शुभ लक्षणों को देखा है। क्या इसी लिये तुम भी मेरे शुभ लक्षणों को देख रहे हो ! मैं तेरे समान व तुम मेरे समान हो इस में देखना क्या है ? ॥ ५१ ॥

King Bharat began to address his son, "son ! I have seen your auspicious signs Is that the fact that you are also seeing mine I like you and you are just like me, What is to be seen in it" (51)

पद्य—श्रोव्व मगनिल्लि मुद्दिसुतिरलोड । निब्बरु नेरेद कुवररु ॥
उब्बिन दैयूत रुतिर्दरु तंदेय । सव्ववादोलग कंदु ॥ ५२ ॥

तंदेय दृष्टि संदेमद मोदर्ले येरि । दंदळ विळिदु जोक्रेयोळु ॥
मुंदण्ण इंदे तम्मनु काळु नडेयोळा । नददि बरुतिर्द राग ॥ ५३ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी दरबार में जब एक पुत्र के साथ प्रेम कर रहे थे तो उसीसमय अन्य दो पुत्र अर्ककीर्ति व आदिराज कुमार प्रवेश किया । ये दोनों विनयी, सद्गुणी तथा पिता की ओर दृष्टि डालने वाले हैं ॥ ५२-५३ ॥

While Bharatji was loving his son, two more sons named Arkkirti and Adiraj arrived there both of them are serene, meritorious, and looking towards their father. (52 53)

पद्य—बळिक किरिदु दूरदोळु छत्र चवररु । तोलगिसि हावुगेवुळ्दिदु ॥
बळमिदूळिग दर निलसि ताविर्वरे । बोळ होगुतिंद रोजेयोळु ॥ ५४ ॥

देवांग वस्त्रवनुडे सुत्ति रत्नद । तावड कोल कैविडिदु ॥
तीविदाभरण कांते योळेयुद तिर्दरु । देवकुमाररंददोळु ॥ ५५ ॥

— अर्थ—ये दोनों दरबार में प्रवेश करने के पहिले अपने सेवकों को बाहर ही खड़े होने की आज्ञा देकर अपने छत्र व चामर को भी वहीं रख दिये थे । जिस समय दोनों राजकुमार सुगंधित लेपनों का लेप किये हुये, तिलक लगाये हुये और रत्न निर्मित आभरणों को धारण किये हुये आरहे थे, उस समय यह मालूम पड़ता था कि मानों स्वर्ग से उतर कर दो देव कुमार ही आरहे हों ॥ ५४-५५ ॥

Both of them, before entering the darbar, had ordered their servants to stay at the gate with umbrella and fanning, when both these princes, decorated with jewellers and other scented things, were coming, it so appeared as if two gods are getting down from the paradise (54-55)

पद्य—सिरिदुरुविगे तक्क चिम्मुरि चुंगु क । त्तरि वोट्ट श्रीगंधलेपा ॥
भरत राजन मक्कळ्ळवे अवर सिं । गर वनेनेंवे नेय्दिद्रु ॥ ५६ ॥

अर्थ—वे भरत पुत्र, बालों को विखरे हुये तथा लेपनादि इतने अधिक सुगंधित द्रव्यों की सुगन्धि को फैलाते हुये आ रहे थे जिसका वर्णन करना कठिन है ।। ५६ ॥

Those sons of king Bharat, with seattered hair, and scented bady, were coming It is really difficult to put that beauty into words. (56)

पद्य—तंदेयोलग वेंव मंद्याळतनविल्ल । हौंदिद भय भक्तियिंद ॥
मंदगति योळोय्य नोसरिसुत वप्प । चंदके नृपरु मेच्चिद्रु ॥ ५७ ॥

अर्थ—वे दोनों पुत्र पिता के दरबार रूपी समुद्र में निर्भीक होकर भक्ति के साथ मन्द गति से प्रवेश किया ॥ ५७ ॥

Both of those princes entered the darbar very slowly and gently with great devotion for their father. (57)

पद्य—मुट्टलोत्तिगे वरे नृपरेल्ल रोल्दर्ति । वट्ट कैमुगिदरवरनु ॥
निट्टिसि कुळ्ळिरि येनुत कैसन्नेयो। ळोट्ट सुतेय्दिद्रवरु ॥ ५८ ॥

अर्थ—जिस समय वह दोनों राजकुमार दरवार में प्रवेश हो रहे थे उस समय सभी दरबारी गण प्रसन्नता पूर्वक खड़े होकर उनका स्वागत किया । राजकुमार उन सबों को हाथ के इशारे से बैठने का संकेत करते हुये पिता की ओर आगे बढ़ते गये ॥ ५८ ॥

When they entered the hall all the courtiers stood up with extreme pleasure and thus welcomed them. The princes advanced towards their father asking the courtiers to sit down (58)

पद्य—मार्तंड गिम्मडि मार्तंड नंवर्क । कीर्ति राजन नोडु स्वामि ॥
सार्तंद नादि राजनु पराकेयेंद्रु। कूर्तु कट्टिगे काराग ॥ ५९ ॥

अर्थ—वेत्रधारी गण उच्च स्वर से राजा को सूचना दे रहे हैं कि स्वामिन् ! सूर्य सदृश द्विगुण प्रकाश को धारण किये हुये आदिराज को साथ लेकर अर्ककीर्ति कुमार आ रहे हैं ॥ ५९ ॥

Vetradharis are informing the king budhy "my Lord ! Prince Arkkiti, bright like the sun is coming with his brother Adiraj." (59)

पद्य—घळिगेगे कोटि वित्तव कोंड वीरर । तलेवरिगळ परांबरिसु ॥
मरेवरि राय दल्लनर चिंतेसु हो । गलभे निल्लिसिरेंद रोडने ॥ ६० ॥

अर्थ—वेत्रधारी गण राजा भरत से कह रहे हैं कि स्वामिन् ! एक घटिका का एक करोड़ स्वर्ण मुद्रा वेतन है ऐसे राजकुमार आ रहे हैं। देखो तो सही ऐसा कहते हुये वे सब अपने अपने शोर को बन्द करके उन कुमारों की ओर देख रहे हैं ॥ ६० ॥

The chieftains began to say, "O Master ! the prince, whose remuneration for an hour is one carror, is coming "Saying thus they stopped their noise and began to look towards the prince (60)

पद्य—सौजन्य विनय विवेक विडाय ढो । ळोजे योळ्णेव होगद ॥
राज कुमाराग्र गण्यर नोडल्ले । राजाधि राजाग्रगण्या ॥ ६१ ॥

अर्थ—सेवक गण पुन कह रहे हैं कि हे राजाधिराज सौजन्य, विनय और विवेक में जिन की समता करने में कोई भी समर्थ नहीं है, ऐसे राजकुमार आ रहे हैं। इनको ज़रा देखो तो सही ॥ ६१ ॥

Those servants are saying, "O king of kings ! the prince who can never be rivaled in respect of gentleness, humbleness, and discrimination, is coming See him for a while " (61)

पद्य—हुंडाव सर्पिंयादिवपट्खंड । मंडलेशाद्रियोळ्गेद ॥
चंडांशु चंद्रर नोडु विस्मयवेंदु । दंडधररु सूचिसिदरु ॥ ६२ ॥

अर्थ—दण्डधारी गण आश्चर्य पूर्वक राजा से कह रहे हैं कि राजन् ! हुंडा तथा सर्पिणी आदि के युग में पट्-खंड मंडलेश्वर रूपी पर्वत से उत्पन्न हुये सूर्य व चन्द्रमा के समान दोनों पुत्रों को देखिये ॥ ६२ ॥

The chieftains are saying to the king with surprise, "O Rajan ! kindly see the princes like the moon and the sun born out of Mount Mandaleshvar in the time of 'Kunda' and 'Sarpini' yuga (62)

पद्य—नगुत कट्टिगे काररिगे राय कैमुट्टि । दुगुल वनिट्टु नर्तियोळु ॥
नगुत नगुत जनकन सार्के गोय्य गो । य्यगे कुवररु गमिसिदरु ॥ ६३ ॥

अथ—श्री भरतेश जी उपरोक्त शब्दों को सुनते ही प्रसन्न होकर वेत्रधारियों को अपने पास बुलवाया और उन्हें बहुत से वस्त्राभूषणों को पुरस्कार में दे दिया। उस समय दोनों (अर्ककीर्ति आदिराज) राजकुमार पिता के निकट आगये ॥ ६३ ॥

Hearing these words, king Bharat being very much pleased sent very for the "Vetradharis and offared them many kinds of dresses and ornaments. At that time both the princes Arkakirti and arrived close to their father. (63)

पद्य—एळरण अन्नाजियरु वरुतिंद्दारें। देळिमिदनु चिक्क मगना॥
मेले कैमुगियेंद रोडने कैमुगिदना। वालक तंद्दे पेळ्दंते॥ ६४॥

अर्थ—भरत जी आते हुये दोनों राजकुमारों को देखकर अङ्क में वैठे हुये पुत्र से कहने लगे कि वेटा! देखो तुम्हारे बड़े भाई आगये। हाथ जोड़कर इनको नमस्कार करो। पिता की आज्ञा पाते ही अङ्क में वैठे हुये छोटे राजकुमार ने खड़े होकर अपने दोनों भाइयों को प्रणाम किया॥६४॥

Seeing those princes coming, king Bharat said to the son in his lap, "son ! see your elder brothers have come Salute them wit folded hands" Hearing the direction of the father, the younger prince stood up and saluted his both the brothers. (64)

पद्य—नवगवनेके कैमुगिं वुदु स्वामियें। दवनतनाद दोड्डनुगा॥
अवनीश पुत्रर लक्षण वेंयेंदु। कुवरन कूडे नुडिदनु॥ ६५॥

अर्थ—अर्ककीर्ति, आदिराज पिता जी से कहने लगे कि स्वामिन! मुझको प्रणाम करने की क्या आवश्यकता है? तब राजा बोले कि पुत्र! यह राजपुत्रों का लक्षण है॥ ६५॥

Princes Arkakirti and Adiraj began to say to his father, "master ! How was a salute needed ?" Then the king said, "son ! this is the princely sign." (65)

पद्य—ओडनिर्व रय्यगे काणकेय नीडि ता। वडद कोलेत्ति कैमुगिदु॥
एडवल विडिदु गद्दुगेय केळगे निंद। रोडेयननोलैपरंते॥ ६६॥

अर्थ—अर्ककीर्ति व आदिराज ये दोनों राजकुमार पिता जी को बहुत सी भेंट समर्पित किया और उन्हें प्रणाम करके दायें व वायें खड़े होगये॥ ६६॥

Both the princes (Arkakirti and Adiraj) offered many presents to their father and saluting him stood up by his both the sides (66)

पद्य—तोडेय मेलोव्व कुमारनु केळगिव्व । रुडेसुत्ति निंद कुवररु ॥
गडगुड दोरेगळु मुंदे निंदिरे गाय । रोडेय नोलग विराजिमितु ॥ ६७ ॥

अर्थ—जिस समय भरतेशजी दोनों पुत्रों को दायें व बायें किये हुये एक पुत्र को गोद में लिये हुये बैठे थे उस समय सभी दरबारी खड़े होकर उनकी अपार शोभा को देखने लगे और उनकी प्रशंसा करने लगे ॥ ६७ ॥

All the courtiers began to enjoy the extreme beauty of king Bharat and praised him highly at that time when the king had been sitting with his both the sons in his lap (67)

पद्य—दोरे गळेल्लर नोडि कुळ्ळिरियेंदना । भरतेशनवरु कुळ्ळिरु ॥
हिरियराण नो पेळ्दवरनु कुळ्ळिरिसेंदु । वरतनूजगे सूचिसिदनु ॥ ६८ ॥

अर्थ—उन दरबारियों को खड़े देखकर राजा ने उन्हें बैठने की आज्ञा दिया, पर कोई नहीं बैठा । तब भरत ने अपने बड़े पुत्र अर्ककीर्ति से कहा कि बेटा ! तुम सबको बिठलाओ, परन्तु इनके कहने पर भी सभी लोग खड़े होकर पुत्र को ही देखते रह गये ॥ ६८ ॥

The king ordered the courtiers to sit down, but none sat down Then Bharatji said to his eldest son, "son ! get all of than seated " But all remained standing and seeing the princes (68)

पद्य—तेप्पगे कुळ्ळिरे दोप विल्लेंदरे । ओप्पदे निंदिर्दरवरु ॥
अप्पाजियाणे कुळ्ळिरियेंद कुवरन । नेप्पु गोंडवरु नोडिदरु ॥ ६९ ॥
हिरिय कुमारनाज्ञेय हारि निंदरे । दरिदना नृपति तन्नोळगे ॥
किरियराण कुळ्ळिरवेळु नीनवरनें । दरु हिकोट्टनु चिक्कमगगे ॥ ७० ॥

अर्थ—अर्ककीर्ति कुमार ने पुन दरबारियों से कहा कि तुम लोगों को पिता जी की सौगन्ध है, इसलिये बैठ जाओ । यदि नहीं बैठोगे तो आज्ञा उलंघन पाप के भागी होगे । इतना कहने पर भी सभी लोग पुत्रों के सौंदर्य को देखने में ही मग्न रह गये । तब राजा ने आदिराज से कहा कि बेटा तुम्हीं सबको बैठने की आज्ञा दो ॥ ६९-७० ॥

Prince Arkakirti said to the courtiers again, "by my father's name, please take your seats If you do not sit, you will earn the sin of disobedience." On saying so also, all of them remained absorved in enjoying the beauty of the princes Then the king said to Adiraja, "son, you yourself ask them to sit down." (69 70)

पद्य—तन्नगे कुळ्ळिरें दोर विन्नैदरे । नयणदि निंदिर्द्रबर ॥
अग्णजि याणे कुळ्ळिरियेंदनवरेंद । हएणागि कुळित रोप्पदोळु ॥ ७१ ॥

अर्थ—पिता की आज्ञा पाकर आदिराज ने कहा कि प्यारे भाइयो ! आप लोग अभी बैठ जाइये; परन्तु वे सब जैसे के तैसे खड़े ही रह गये। तब आदिराज ने पुनः कहा कि यदि नहीं बैठियेगा तो आप लोगों को मेरे बड़े भाई अर्ककीर्त्ति की सौगन्ध है। इतना सुनते ही सभी लोग अपने अपने आसन पर शान्ति पूर्वक बैठ गये ॥ ७१ ॥

Being directed so by the father, prince Adiraj said, "Dear brothers ! kindly set down. But they remained motionless as they were. If you do not sit, you will have the curse of my brother Arkkirti " Then all of them sat down quitely. (71)

पद्य—केलसविल्लादि राजगे स्वामि यिदिरोळु । सल्लुवुदे येग्णाणे येदा ॥
सल्ले स्वामि निनगोडेयनु नोने नजय । तलेगोडेयनु सल्लुदेदा ॥ ७२ ॥

अर्थ—अर्ककीर्त्ति अपने छोटे भाई आदिराज से पूछने लगे कि पिता के सामने हमारी सौगंध खाने की क्या आवश्यकता थी ? तब आदिराज कहने लगे कि भ्राता जी ! पिताजी आप के लिये स्वामी हैं। अतः इसमें क्या बिगड़ गया ? ॥ ७२ ॥

Arkakirti asked his younger drother "why was he named before them when father was present." Then Adirai said, " brother's father is master for you, but for me, you are my Lord. So where is the harm ?" (72)

पद्य—राजेंद्र नदके मेच्चिदनु तनय मक्क । ळोजेगे तानर्तिवड्डा ॥
ई जाति विनय यागुदु वेच्चि स । भाजनवेल्ल कीर्तिसितु ॥ ७३ ॥

अर्थ—भरतजी अपने पुत्रों के विनय व्यवहार से बहुत प्रसन्न हो रहे हैं। दरबारी लोग भी उनके विनम्र व्यवहार को देखकर प्रसन्न होते हुये कह रहे हैं कि इनके सदृश विनय व्यवहार अन्य प्राणियों में मिलना दुर्लभ है ॥ ७३ ॥

King Bharat is very much pleased to see the humble treatment of his sons The courtiers are also very much pleased to see that such humble treatment is not possible among other beings." (73)

पद्य—ऒंदिनिसर मेले दळपति सचिवर । मंदहासदिराय करेदु ॥
अंदानु पेळ्दंते कुवरर संबळ । संदु बहुदे हेळिरेंदा ॥ ७४ ॥

अर्थ—श्रीभरतेश जी ने सेनापति से पूछा कि, क्या उस दिन से मेरी आज्ञा के अनुसार इन्हें बराबर वेतन दिया जाता है ? ॥ ७४ ॥

Shri Bharatesh asked his military commander, "are they getting salary from that day in accordance with my order ?" (74)

पद्य—खंडने माडि नोप्पिसिदेवु तावे । भंडार दोळगिरिगिसिदरु ॥
चंडवीर रिगार तडेहेंदु नृपनर्ति । गंडु तावोरेद रतियन्नु ॥ ७५ ॥

अर्थ—सेनापति ने कहा कि हाँ स्वामिन् ! हमेशा दिया जाता है । राजा की आज्ञा के अनुसार तत्क्षण राजकुमारों को वेतन दिया गया: पर वे लोग धन को स्वयं न लेकर उसे कोष में ही रखने की आज्ञा दिया ॥ ७५ ॥

The commander applied, "yes my Lord ? It is always given In accordance with the royal order, the princes were paid salaries at the very moment But they insteading of taking for themselves have asked us to deposit it in the central treasury" (75)

पद्य—इन्तु कुळ्ळिरियेंदु कुवररिव्वरिगे ता । नुन्न तासनव कोडसिदा ॥
इन्नोंदु सेवेय माळ्पति यॆंटेंदु । सन्नद्ध रादरंदरवरु ॥ ७६ ॥

अर्थ—श्रीभरतेश जी ने दोनों पुत्रों के बैठने के लिये आसन मँगवाकर बैठने की आज्ञा दिया: परंतु वे लोग खड़े ही रहकर पिता की एक दूसरी सेवा करने की तैयारी किया ॥ ७६ ॥

Getting seats, Bharteshji asked the princes to sit down. But remaining standing they intended to rander some other service (76)

पद्य—अय्यगेलेय कोडुतिर्द तंबुलिगन । कैय तबक नर्ककीर्ति ॥
ओय्यने सेळेंकोंडु यंदेगेलेय तन्न । कैयारे कोडतोडगिदनु ॥ ७७ ॥

अर्थ—पास में खड़े हुये एक अनुचर ने भरत जी को तांबूल देना चाहा, कि उसके हाथ से अर्ककीर्ति कुमार ने तस्तरी छीनकर स्वयं तांबूल देने को उद्यत हुये ॥ ७७ ॥

One of the servents wanted to offer beatle to the king. Prince Arkakirti taking the plate himself was ready to offer the beatle. (77)

पद्य—अनित रोळोव्वन कैयचमर व भों । कने सेळेकोंडादिराजा ॥
जनकगे चवरव ढाळिसुतिद्दना । विनदव नेनेन्नवहुदु ॥ ७८ ॥

अर्थ—इतने में आदिराज भी चमर डुलाने वालों के हाथों से चमरों को छीनकर स्वयं डुलाने लगे। उस समय सेवा मे संलग्न दोनों पुत्रों की शोभा अपार थी ॥ ७८ ॥

Meanwhile Adiraj taking the' chamar' from the servant's hand, began to fan the king himself absorved in paternal service (78)

पद्य—मक्कळ पडेदु मत्सरदल्लि वेंदेक्क । सक्कदे वाळ्वर वदुका ॥
धिक्करि सुत तंदे गूळिगगैदरा । चिक्क कुमार रतियोळु ॥ ७९ ॥

अर्थ—उन दोनों पुत्रों की सेवा को देखते हुये दरबार के समस्त सज्जन ऐसा विचार करने लगे कि लोक में पुत्रों की प्राप्ति हो तो इसी प्रकार हो, नहीं तो पिता से ही सेवा कराने वाले तथा कभी कभी उनका घातक बन जाने वाले विवेक शून्य पुत्रों का प्राप्ति न हो ॥ ७९ ॥

Seeing the service of these princes, people began to wish that if there be sons, they should be like them, otherwise there should be no sons, as they get their father to serve them and on certain occasions deceive their parents (79)

पद्य—वीळेय देलेपूर्ण वादुदेनगे कुळि । तोलगिसिन्नु नीनेंदा ॥
केळि तवक नोडि पितन तोडेयोळिद्द । बालन तानेत्ति कोंडा ॥ ८० ॥

अर्थ—पान देने के पश्चात् अर्ककीर्ति कुमार ने पिता की गोद से वृषभराज को लेकर स्वयं खिलाने लगे ॥ ८० ॥

- Prince Arkakirti, after offering the beatle and taking prince Vrishbhraj from his fathers lap began to lull him (80)

पद्य—एनरण्ण तरळन नीनेत्ति कोंडेयें । दा नरनाथ केळिदनु ॥
वेनेयन्नवे देवरोळु दोडेगेंदग्र । सन्नु नुडिद नय्य नोडने ॥ ८१ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी ने कहा कि बेटा ! वृषभराज को तुमने क्यों उठा लिया ? तब वह बोला कि स्वामिन् ! बहुत देर से आप की गोद में बैठा है जिससे आपको कष्ट हुआ होगा । अतः कुछ देर के लिए मैंने अपने छोटे भाई को उठा लिया ॥ ८१ ॥

Shri Bharatesh ji said, "son ! why did you take Vrishabhraja " Then he replied, "master ! he is in your lap for a longer time, you might be tired So I have taken my younger brother for a while *(81)*

पद्य—घनवेळे यादुदु वृषभ राजन देव । रनु नयदिंद ताळ्दिदिरि ॥
अनुजन नानिप्डु धरिसुवेनेंदना । विनय करस चोद्यवट्टा ॥ ८२ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी सोच रहे हैं कि मैंने जिस बच्चे को पहले उठाया था उसे यह अब उठा रहा है, इसी प्रकार जिस षट्खण्ड भू-भाग को मैं धारण कर रहा हूं उसे भी यह भविष्य काल में अवश्य धारण करेगा । यह इस कार्य के लिये पूर्ण समर्थ है । इस प्रकार उपस्थित बड़े बड़े राजा, प्रजा तथा देवगणों ने अपने अपने मन में विचार किया ॥ ८२ ॥

Shri Bharateshji is thinking, "the child, whom I had taken formerly, he is taking him now similarly the six partearth, which I am commanding now, will be commanded by him He is worthy of all such functions Thus other Rajas, subjects and gods etc thought with in themselves " *(82)*

पद्य—इवनीग मुंदातु धरसिद राज्य भा । व ताळ्व सामर्थ्य नेंदु ॥
अवधरिसिर्द ना चक्रेशनंते मा । नव सुरेन्द्र नेनेदरु ॥ ८३ ॥

अर्थ—अर्ककीर्ति ने पिता जी से पुनः कहा कि स्वामिन् ! पहली बात यह है कि आप इसे बहुत देर से गोद में लिये हुए थे और दूसरी बात यह है कि हमारी इच्छा हुई कि मैं भी अपने भाई को अङ्क में लेकर प्यार करूँ ॥ ८३ ॥

Arkakirti said to his father again, "Lord ! firstly that you had him for a longer time, secondly I also wished well my brother affectionately in my lap " *(83)*

पद्य—मत्ते नोविल्ल नन्नाणे तारेंदु ना । नोत्ति मगन नेत्तिकोंडु ॥
हत्तरे कुळ्ळिरि नन्नाणे येनलिव्य । रुत्तमसुत्तरु कुळ्ळितरु ॥ ८४ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी ने कहा कि बेटा ! मुझे कुछ कष्ट नहीं है अतः बच्चे को हमें दे दो ऐसा कहकर वृष राज को पुनः गोद लेकर दोनों पुत्रों को पास में बिठा लिया ॥ ८४ ॥

King Bharat then said, son, I have no trouble So give me the child ?" Saying so he took Vrishabhraja in his lap and seated both the princes along his sides (84)

पद्य—ओम्मे तंदेय नोड्डतोळु तुडि तुडिवुत । सम्मुख दवर नीव्विगुत ॥
दिम्मि तुनेडे गोम्मे तोडेगळ तट्टुत । सुम्मान दोळगिद्दरवरु ॥ ८५ ॥

अर्थ—चक्रवर्ती भरत जी दोनों पुत्रों से वार्तालाप कर रहे हैं और दोनों परस्पर में एक दूसरे के साथ प्रेम कर रहे हैं ॥ ८५ ॥

Chakravarti Bharat is talking to his both the sons They are talking together affectionately (85)

पद्य—नुडिगुत कुवर निब्बरनोय्य नोम्मे मै । दडहुत ताने हूंकोळुत ॥
हडपिगरिंद वीळ्यव कोडि मुतर्ति । वड्डतिर्दना पेत्त तंदे ॥ ८६ ॥

अर्थ—राजा दोनों बच्चों को आनन्द के साथ अपने पास बुलाकर पान देते हुए हाथ फेर कर आलिंगन कर रहे हैं ॥ ८६ ॥

The king offering beatles to both the sons and putting his hands affectionately upon them, is caressing them (86)

पद्य—ओदु सादने निमगेंतिहुवर्ण वि । वाद वो हर्षवो येंदा ॥
आ दोड्ड सुख वनेनेंबाड वहुदु वि । नोदवागि हुदेंदरवरु ॥ ८७ ॥
पद्य—साधनेयेंबुदु जाड्य हरण ज्ञान । साधन वल्लवे शास्त्रा ॥
भूदव कुलकदु सुखवलते येंदु सु । बोधन मक्कळाडिदरु ॥ ८८ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी ने अर्ककीर्ति कुमार से पूछा कि बेटा ! तुम लोगों को विद्या पढ़ने में दुःख मालूम होरहा है कि सुख ? तब उसने कहा कि स्वामिन् ! विद्योपार्जन के समान दूसरा सुख नहीं है । यह अभ्यास अध्यवसाय आदि आलस्य को दूर करने के लिए प्रधान साधन है । शास्त्राभ्यास ज्ञा[illegible] का साधन है और राजकुल में उत्पन्न हुए वीरों के लिए भूषण है । इसलिए इसके अनन्त सुख का वर्णन करने में मैं सर्वथा असमर्थ हूँ ॥ ८८ ॥

Shri Bharatesh asked prince Arkakirti, "son! Are you getting pleasure out of your study or pain ?" Then he replied, "my Lord! there is no joy better than the earning of knowledge, This is a means to remove laziness etc The practice of 'shastras is a means to the attainment of knowledge and is like an ornament for those born in the royal family So I am unable to describe its infinite pleasures! (87-88)

पद्य—प्रारंभ दोळगिप्टु श्रमगगिहुदु म । त्तोरंते सोगसुदोरुवुदु ॥
धीररि गोदु माधने माध्यवेंदु कु । माररि गोरंदता चार्के ॥ ८९ ॥

अर्थ—भरत जी ने पुत्र से कहा कि बेटा ! आरम्भकाल में विद्योपार्जन करना कुछ कठिन मालूम पड़ता है; पर आगे चलकर सरल मालूम पड़ने लगता है। विद्या धीर, वीर और साहसियों के लिए असाध्य है। इस लिये कठिनाइयों से निर्भीक होकर विद्याध्ययन करना चाहिए और भयभीतों के लिये असाध्य है ॥ ८९ ॥

Bharatji said to the son, "to study seems somewhat difficult at the elementary stage Afterwards it becomes easier Knowledge is easy for patient. brave and courageous people but, difficult for cowards So one should study without being afraid of difficulties (89)

पद्य—नवगवु श्रमद दोल्वदिल्ल रा । गवने हेच्चिगु निर्पुवचना ॥
अवगर गोळ्ळ दोग्योग्यने कलिवेवे । दवरु तुडिदरव्यनोडने ॥ ९० ॥

अर्थ—दोनों राजकुमारों ने कहा कि पिता जी ! अध्ययन में हम लोगों को लेश मात्र भी कष्ट न होकर उत्तरोत्तर आनन्द ही मिल रहा है ॥ ९० ॥

Both the princes said, "father ! we have been getting pleasure in study with increased amount day by day We are troubled not in the best" (90)

पद्य—उदयदि साधने हिंबगलोदु न । स दोग्गेदिदोदिन चिंते ॥
मृदु मृदुवागि नडेवुदं मगदरिंद । पदुळ वगिहुवेंदरवरु ॥ ९१ ॥

अर्थ—पिता जी ! हम लोग सुख पूर्वक शनैः शनैः (धीरे धीरे) विद्या का साधन कर रहे हैं। हम लोगों को उषाकाल में अभ्यास, मध्याह्नकाल में पठन और रात्रि के समय में पठित ग्रन्थ का चिन्तन नित्य का कार्य है। हम सब मृदु मार्ग से व्यवस्थित रूप से जा रहे हैं, तो कष्ट क्यों होगा ॥ ९१ ॥

"Father ! we are attaining our education by and by. We practice in the morning, stdy in the noon and brood over the studied book in the night. We are treading the sweat path why shall we be troubled ?" (91)

पद्य—आदिराजन बुद्धियेंबुदु दिन दिन । कोदिनोळगे साधनयोळु ॥
आदरुशवनोरडु वेळगि दंतदेयेंद । नादरदिंदर्क कीर्ति ॥ ९२ ॥
मरेदोदु साधनेगळ मगऌदोम्मेये । च्चरुदोरि नेनेयवहंते ॥
मेरेवु तिद्दपुदुतम्मन मतियेंदय्य । गरिके माडिदनग्रजाता ॥ ९३ ॥

अर्थ—अर्ककीर्तिकुमार भरत जी से कह रहे हैं कि पिता जी ! आदिराज की अकथनीय बुद्धि का वर्णन मैं कहां तक करूं ? ग्रन्थों के पठन व अभ्यास में वह आदर्श रूप है । जिस प्रकार कोई प्राणी अभ्यस्त पुरातन विषयों का अभ्यास भूल जाने पर शीघ्र ही कर लेता है, उसी प्रकार आदिराज अनभ्यस्त नूतन ग्रन्थों का अभ्यास सहज में ही कर लेता है ॥ ९२-९३ ॥

Prince Arkakirti is saying to Bharatji "Eather ! how should I describe the short intelligence of Adiraja ? He is an ideal in studying the books and practising them Just as a person learns uery easily the forgotten thing after a little parctice, stmilarly Adiraja learns new text even after a little practice. That is to say he learns texts very easily " (92-93)

पद्य—देवर देवन हेसरिट्ट रल्लवे । देवर वाक्य तप्पुवुदे ॥
भाविसलव नादिराज नल्लवे मध्य । भाव्र दंत्यद राजनल्ल ॥ ९४ ॥

अर्थ—अर्ककीर्ति पुनः बोले कि स्वामिन् ! आपने उसका नामकरण करते समय जो भगवान आदिनाथ नाम रक्खा है वह वास्तविक मे बहुत ही युक्त है । विचार करने पर असल में ये आदि-राज राज ही हैं । अर्थात् मध्यराज व अंतराज नहीं हैं । इस प्रकार इन्हों ने प्रशंसा किया ॥ ९४ ॥

Arkakirti again said, "master ! you have given a very proper name of Lord Adinath to him. He is really Adiraja. That is he is neither 'Madhyaraja' nor 'Antaraj' Thus he praised him (94)

पद्य—अहुदे निन्नय चित्तकर्त्ति यादुदे । सहसिये किरियण्ण नेंदा ॥
बहुवचन व नरियेनु नम्म वंशकु । त्सह कारियेंद नय्यनोळु ॥ ९५ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी प्रसन्न होकर अर्ककीर्तिकुमार से कहने लगे कि बेटा? सचमुच में तुम्हारा भाई साहसी, वीर व बुद्धिमान है। तुमको उससे संतोष मिला है? तब अर्ककीर्तिकुमार ने पुन: कहा कि पिता जी! विशेष क्या कहूँ? अपने वंश के लिये वह भूषण है ॥ ९५ ॥

Being highly pleased, Shri Bharatesh said to prince Arkakirti, "son! really your brother is courageous, brave and intelligent He is satisfied with you" Then prince Arkakirti said, "father! what to say more he is a jewell for his family." (95)

पद्य—हिरियरु किरियर नंतु बणिणसुवरे। अरसु मक्कळिगिदु नडेये ॥
परिकिम लेनगिन्दु गुणवुंटे येंदना। हिरियरण नोडनादिराजा ॥ ९६ ॥

अर्थ—आदिराज अर्ककीर्ति के मुख से अपनी प्रशंसा सुनकर कहने लगा कि भाई! क्या बड़े लोग छोटों की प्रशंसा करते हैं? क्या राजपुत्र के लिये यह योग्य है? आप व्यर्थ में मेरी प्रशंसा क्यों कर रहे हैं ॥ ९६ ॥

Having heard his princes from the mouth of Arkakirti, Adiraja said, "Do the elder praise the youngers? Is it proper for a prince? Why are you praising me?" (96)

पद्य—दोषविल्लादि देवरु सैरिसणण सं। तोषदि नुडिदने निन्ना ॥
भूषण रल्लवे नीविब्बरेंदु मं। भाषणे गेंदना तंदे ॥ ९७ ॥

अर्थ—श्रीभरतेशजी बच्चोंकी बातोंको सुनकर समझाते हुए कहा कि पुत्र! बड़े भाईने तुम्हारे गुण से संतुष्ट होकर यथार्थ रूप से वर्णन किया है, तो कोई बुरी बात नहीं है। वास्तव में तुम दोनों भूषण स्वरूप हो। इस लिये प्रशान्त रहो ॥ ९७ ॥

Hearing the conversation between the princes, King Bharat said, "son! your elder brother, being highly pleased with you, has praised you. There is nothing wrong in it Really both of you are like ornaments. So be satisfied" (97)

पद्य—ओलग विंदिगे साकिन्तु निम्म रा। जालय केयदि नीदु ॥
ललिताभरण तुँबिद करडगेगळ। लोलपुत्ररिगे नीडिदनु ॥ ९८ ॥

अर्थ—इसके बाद सम्राट ने दरबार को समाप्त करके लोगों से कहा कि अब आप लोग

अपने अपने निवास स्थान को पधारिये । ऐसी आज्ञा देकर रत्नों के आभरणों से भरी हुई दो पेटी लाकर दोनों पुत्रों को दे दिया ॥ ९८ ॥

After that the king dismissed the court and said, "Now you people should retire to your respective places" Directing thus, he brought jewellary box and put it before the princes (98)

पद्य—उडुगोरे येकेभगीगळाभरणके । कडिमे यिल्लेनुतिर्द रवरु ॥
कडुरम्यगेलसदाभरण गळिवनोम्मे । कोडवेकु हिडिरेयेंदा ॥ ९९ ॥
अवरिंदि गोळ्ळेवेंदरु कोट्टरोल्लिरे । नवनिगिन्तु नीवु काणिकेया ॥
सुविधान दिंदित्तरा नोल्लेनेंदना । कुवरर कूडे चक्रेशा ॥ १०० ॥

अर्थ—दोनों लड़कों ने आभूषणों को इनकार करते हुये कहा कि पिता जी ! हम लोगों के पास पर्याप्त आभूषण हैं, इस लिए आभूषणों की कोई आवश्यकता नहीं है। राजा ने लेने के लिए उन दोनों से बहुत आग्रह किया, परन्तु वे परस्तुत नहीं हुए। तब राजा ने पुनः कहा कि बेटा ! आज तुम लोग बहुत उत्तम कार्य कर चुके हो, इस लिए बिना कुछ दिये मैं रह नहीं सकता। आज यदि तुम लोग इसे नहीं लेते तो मैं भी तुम लोगों के हाथों से भेंट नहीं ग्रहण कर सकता। भरत विनोद पूर्वक अपने राजकुमारों से इस प्रकार कह रहे हैं ॥ ९९-१०० ॥

Both the princes rejecting the offer of jewells said, "father ! we have enough ornaments and jewells, so the ornaments are not needed The king pressed upon them to accept it but they did not agree Tnen the king said again, "dear sons ! you have done a nice deed today, I also shall never accept presents from your hands" Thus Bharat is talking to his sons cheerfully (99-100)

पद्य—दोड्ड कुवर मोदल्लडुगोरे विडिये के । योड्डुव किरिय नंदरेदु ॥
एड्ड तुडियोळु दोड्डवन करेवनव । नड्ड मोरेय निक्कुतिहनु ॥ १०१ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी ने सोचा कि यदि छोटे लड़के ने नहीं लिया तो बड़ा लड़का लेगा ही। इसलिये अर्ककीर्ति के सामने हाथ बढ़ाया, पर उन्होंने भी लेने से इन्कार करते हुये अपना मुख फेर लिया ॥ १०१ ॥

Shri Bharatesh thonght that if it is not accepted by the younger son, it must be taken by the elder one. So he advanced it before Arkakirti, who turned his face and refused to accept it (101)

पद्य—हेळादिराज निएणन्न निन्नय मात। केळु वनेंदना तंदे ॥
तोळेंच्च स्वामि पालिसि कोळ्ळवेकेंदु। हेळुतएणनिगे कैमुगिदा॥ १०२ ॥
एंदरा करडगेगळ वृषभएणन। मुँदे देवरु सुम्मनिरिसि ॥
चेंदळिगैयिद नवगव कोडुवोंदु। चंदव नोडवेकेंदा ॥ १०३ ॥

अर्थ—भरत जी आदिराज से कह रहे हैं कि बेटा ! तुम अपने बड़े भाई से लेनेके लिये कहो पिता की आज्ञा पाकर आदिराज अपने भाई अर्ककीर्ति से उपहार लेने के लिये प्रार्थना करने लगे। अर्ककीर्तिकुमार अपने छोटे भाई के विशेष आग्रह से प्रेम पाश में फँसकर कहने लगे कि पिता जी हम इस उपहार को लेंगे, परन्तु वृषभराज के हाथों से ही हमें उपहारों को दिलवाइये। इस वचन को सुनकर श्री भरतेश जी स्वयं बच्चे की चतुराई देखने की इच्छा से दोनों पेटियों को लाकर वृषभराज कुमार के सामने रखवा दिया॥ १०२-१०३ ॥

King Bharat said to Adiraja, "son ! request your elder brother to accept it, being directed so by his father, prince Adiraj began to request his brother Arkakirti to accept it. Arkakirti being entanged into the affection of his younger brother began to say, "father ! I will accept this offer, but let it be offered from the hands of Vrishabhraja.' Hearing this Bharatji got both the boys put before prince 'Vrishabharaja' in order to see the cleaverness of the boy. (102-103)

पद्य—अदु कार्यवहुदेंदु करडगळ कंद। निदिरोळ्ा नृपनिरिसिदनु ॥
पदेदु नीनेमगुडु गोरेय कोडेंदु बे। डिदरु कैयोड्डि तम्मननु ॥ १०४ ॥

अर्थ—"वृषभराज" कुमार के सामने दोनों पेटियां रक्खी हुई हैं और "अर्ककीर्ति" व व "आदिराज" दोनों हाथों को फैल कर मांग रहे हैं॥ १०४ ॥

Both the boys are put before Vrishbharaja. Arkakirti and Adiraja are demanding it with their hands spead. (104)

पद्य—करडगेगळ् मेले कैयेडनव नीवे। करदि तेगेदु कोंवुदेंदु ॥
करद सन्नेय तोर्पनएणाजि यरिगेत्ति। करव मुगिव नेननेंवे ॥ १०५ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् वृषभराज दोनों पेटियों को हाथों से आगे को बढ़ाते हुये कह रहे हैं कि आप लोग कृपया इसे स्वीकार कर लीजिये। ऐसा कह कर दोनों हाथों को जोड़ लिये॥ १०५ ॥

After that Vrishbharaja, pushing forward the boxes with his hands, is saying "kindly accept it ?" Saying thus he folded his both the hands (105)

पद्य—अज्जन पेसरेंसे नीनीवुदिदु लेसि । नुज्जगवेंदु बेडिदरु ॥
अज्जरंतव तजेगोडहि कैमुगिदनु । पज्जेतप्पुवने चत्रियनु ॥ १०६ ॥
किरियरु पिरियगें काएकेयिक्कुवु दोडे । वेरतुड गोरे गोडरेंव ॥
तेरननी बालकनेल्लि कलितनेंदु । वेरगागि नोडितास्थाना ॥ १०७ ॥

अर्थ—छोटा भाई बड़े भाई को विनम्रता पूर्वक इनाम दे रहा है। इस नवीन पद्धति को देखकर सभी लोग आश्चर्य में पड़ गये। दोनों राजकुमार वृषभराज से कह रहे हैं कि आप हमारे बाबाके नाम राशि वाले हैं, इसलिये हमलोग आपके हाथसे ही उपहार लेना चाहते हैं ॥१०६-१०७॥

The younger brother is awarding his elder brother, Every body was surprised to see this new custom Both the princes are saying to 'Vrishabha raja' "you are named after grand-father's name So we want to take the pre. sents from your hands" (106-107)

पद्य—मोक्षगामिय पुत्ररवरु तद्भवदोळे । मोक्षव पडेवरवरिगे ॥
अक्षुएण बुद्धि चोद्यवे मरुगके गंध । लक्षण मोळेयोळ गिरदे ॥ १०८ ॥

अर्थ—तद्भव मोक्षगामी श्री भरत जी के पुत्र वृषभराज भी तद्भव मोक्षगामी हैं। ये अनंत बुद्धिमान् है, इसलिये व्यवहार को कैसे भूल सकते हैं। जिस प्रकार काटने पर भी चन्दन वृक्ष अपनी सुगन्ध को नहीं छोड़ता, उसी प्रकार बाल्यावस्था होने पर भी ये भरत पुत्र भूल कभी नहीं कर सकते हैं ॥ १०८ ॥

Shri Bharatji, the treader of the pathe of salvation, has a son named Vrishbharaja, who also is a traveller on the path of salvation He is infinitely wise Just as sandal tree does not leave its fragrance even if it is cut, similarly these sons of Bharat can commit no faults even in their childhood (108)

पद्य—कोडु वृषभराण नीनवरिगेनुत मंडे । दडहला तंदेय कैया ॥
पिडिदु कोंडा करडगेय मुद्रिसि मुंद । कोडने नूंकित शिशुनगुत ॥ १०९ ॥

अर्थ—श्री भरतेश जी ने कहा कि बेटा वृषभराज ! इन पेटियों को इन लोगों को दे दो। ऐसा कहकर उनके मस्तक पर हाथ रक्खा तो उसने उन लोगों को दे दिया ॥ १०९ ॥

Shri Bharatesh ji said, Vrishbharaja ! offer these boxes to them " Saying thus, he put his hands upon his head Then he gave those boxes to them. (109)

पद्य—नभय्य नल्लवे अन तप्पि नडेवने । इन्नु नीवानिरै येंदु ॥
तन्न कैमुट्टि कुमार रिव्बुरिगञ्च । रत्नदाभरणव नित्ता ॥ ११० ॥
तंदे कोट्टु गोरेगळ कोंडरोल्बव्व । रोंदोदु हारव तेगेदु ॥
चंददि वृषभ राजनिगिक्कि मिक्कव । नंदु मडिल्लोल्डि रोसेदु ॥ १११ ॥

अर्थ—श्री भरत जी ने प्रेम विनोद करते हुए कहा कि ये हमारे पिता हैं तो व्यवहार को कैसे भूलेंगे ? देखो अपने हाथों से तुम लोगों को समर्पित कर दिये । यह सुनते ही दोनों राजकुमार ने अपने अपने गले से एक एक हार निकाल कर वृषभराज को पहना दिया ॥ ११०-१११ ॥

Shri Bharat ji said joyfully, "he is my father. How could you forget the treatment see ! he has offered them to you with his own hands, hearing this, both the princes put one garland of jewells in the neck of Vrisha. bhraja (110 111)

पद्य—अरेरे यिन्नोंदु विनदवएण मडिलोळु । करड गेयिरिसि कोंवाग ॥
अरमने मुट्टातु तंदीवेनेंदाग । कर व नीडिदनादिराजा ॥ ११२ ॥

अर्थ—इतने में एक विनोद की घटना यह हुई कि जब बड़े भाई अर्ककीर्ति कुमार पेटी को बगल में दबाकर जाने लगे तो छोटे भाई आदिराज ने कहा कि इस पेटी को आप के महल तक मैं पहुँचा दूंगा, आप क्यों कष्ट कर रहे हैं ॥ ११२ ॥

The second pleasant event was this that when the elder brother Arkakirti went out with box in his side, his younger brother Adiraja said, "let me carry this box to your palace Why are taking the trouble " (112)

पद्य—निल्लादिराजु नीनप्पाजि यिदिरोळु । सल्लद नडेये नडेसुवे ॥
एल्ल तेजव नम्म मनेयोळु माडेन । गिल्लि सल्लदु सैरिसेंदा ॥ ११३ ॥

अर्थ—यह सुनकर अर्ककीर्ति कुमार कहने लगे कि पिता जी के सामने व्यर्थ की बातें मत करो । जो कुछ विनय व्यवहार दिखलाना हो वह हमारे महल में दिखलाओ ॥ ११३ ॥

Hearing this prince Arkakirti said, "do not talk uselessly before the father, whatever humility your want to show, do it in my palace (113)

पद्य—एके सल्लदु तंदेयिदिरोळु पुंडर । पोकर नडेयो गौरववो ॥
तूकदि नीवु चित्तैसवेकेनगे से । वाकृत्यगळ हेळबेकु ॥ ११४ ॥
अप्पाजियर केळवारदे नानेंदु । दप्पुदो आगदोयेंदु ॥
तप्पल्ल पालिसेंदण्णन करडगे । गोप्पदि कैय नीडिदनु ॥ ११५ ॥

अर्थ—इसके बाद आदिराज कहने लगे कि पिता जी के सामने ऐसा व्यवहार उचित क्यों नहीं है ? यह दुर्जनों का आचरण है या सज्जनों का ? क्या मैं कोई दुष्कर्म कर रहा हूँ जिससे पिता जी के सामने संकोच करूँ ? आप अपनी प्रतिष्ठा के समान ही चलकर मुझे सेवा करने की आज्ञा दीजिए। मैं उचित और अनुचित के निर्णय को पिता जी से पूछ कर करूँगा। पर विशेष कोई हर्ज नहीं है, ऐसा कहकर अपने हाथों को पेटी लेने के लिए आगे बढ़ाया ॥ ११४-११५ ॥

After that Adiraja said, "why it is not proper before father ? Is it the conduct of wicked or gentlemen ? Am I committing something wrong, for which I should be ashamed of before the father kindly allow me to serve thee in the same position I will do good or bad after due consultation with the father but there is no harm in it" Saying so, he advanced his hands to take the boxes (114-115)

पद्य—कोडदे तम्मण कैयनण्ण नूँकुवनद । बिडेनेंदु हिडिदना तम्म ॥
मिडुकदे सभे बेरगागिदुदवर्गे सं । गड सिद विनयद कंडु ॥ ११६ ॥

अर्थ—आदिराज कहनेलगा कि अब मैं इसे छोड़ नहीं सकता यह कहते हुए अपने बड़े भाई से पेटी को छीनने लगा। दोनों राजकुमारों के विनय विनोद युद्ध को देखकर सभी दरबारी आश्चर्य चकित होगये ॥ ११६ ॥

Adiraj said, 'I can not give it up" Saying thus he began to snatch the box from his elder brother All the courtiers were surprised to see pleasant trifle among both the princes (116)

पद्य—नडे नोडि राजेंद्र मन हिग्गि दोड्डण्ण । कोडु कोडै सललर्ति येंदा ॥
जडिदादिराज तानद नोयूदु कोंडाग । मडिलोळिट्टनु विलासदोळु ॥ ११७ ॥

अर्थ—चक्रवर्ती भरत जी इस विषय को देखकर मन ही मन प्रसन्न होते हुए अर्ककीर्ति से बोले कि बेटा ! पेटी छोटे भाई को दे दो जिससे इसकी इच्छा की पूर्ति हो जाय। इस बात से

कुछ सहयोग पाकर आदिराज ने बड़े भाई से पेटी को छीन लिया और अपनी बगल में दबा लिया ॥ ११७ ॥

Chakravarti Bharat being highly pleased within himself, said to Arkakirti, "O son ! give the box to your younger brother, so that he may be satisfied Being encouraged thus, Adiraja snatched away the box from his brother anb kept in his side (117)

पद्य—तावड कोलेत्ति तंडेगे कैमुगि । दोवि मुंदप्पण हिंदत्तुजा ॥
भावशुद्धदोळत्त सागिदग्नित म । हा विभु लीलेयोळिर्द्दा ॥ ११८ ॥

अर्थ—इसके बाद दोनों लड़के भरत जी को भक्ति पूर्वक नमस्कार करके क्रमशः अपने महल की ओर जा रहे हैं । ११८ ॥

After that both the princes, saluting their father, went to their resepctive palaces (118)

पद्य—तित्तेर गाळे तंबटदि प्रभासांक । नित्त लेयुत रुतिर्द्दनाग ॥
चित्तानुमतिगे कंदवनित्तु निजग्रह । दत्त बीळ्कोट्ट ना रायाा ॥ ११९ ॥

अर्थ—इधर श्री भरत जी आनन्द के साथ सभा में विराजमान हुए कि इतने ही से आकाश में विविध गाजे बाजे के शब्दों से मालूम हुआ कि "प्रभासागर" आरहा है । तब 'चित्तानुमति' नाम की दासी को बुलवाया और छोटे राजकुमार को सौंप कर उसे महल में भेज दिया ॥ ११९ ॥

Bharatji is seated on his throne, meanwhile 'Prabhasagar' is coming through the sky with various types of musical instruments being played Then the king sent for the maid named 'Chittanumati' and sent the little prince to the palace with her (119)

पद्य—रामणीयकवाद सभेय मध्य दोळमि । रामवेरिर्द्दना चक्रि ॥
व्योमदोळ बनेयुदे बरुतिर्द्द निडु प्रभा । सामर चिन्हद संधि ॥ १२० ॥

अर्थ—उस समय रमणीक सभा में श्री भरत जी गौरव के साथ सिंहासन पर बैठे थे और उसी समय आकाश मार्ग से प्रभासागर आ रहा था ॥ १२० ॥

The time when, Bharat, ji was seated gloriously on his throne, 'Prabhasagar' was coming in the sky (120)

पद्य—ई जिन कथेयनु केळिदवर पाप । बीज निर्नाशन बहुदु ॥
तेज वड्डु पुण्य वहुदु मुँदोलिदप । राजितेश्वरन काणुवरु ॥ १२१ ॥

अर्थ—इस जिनेश्वर की कथा को जो सुनेंगे उनका पाप, बीज नष्ट होगा । तेज की वृद्धि होगी एवम् पुण्य वन्ध होकर अन्त में अपराजित पद को पावेंगे ॥ १२१ ॥

Those person who will hear this glory of Raja Bharat with rapt attention will destroy the seeds of their sins, will get all the happiness and in the end attain un-conquerable position (liberation) (121)

पद्य—प्रेमदिंदिद नोदिदरे पाडिदरे केळ्द । रामोद बैदुवरवरु ॥
नेमदि सुररागि नाळे श्रीमंदर । स्वामिय कांववरतिंयोळ् ॥ १२२ ॥

अर्थ—इस कथा को जो प्रेम से पढ़ेंगे तथा सुनेंगे वे आमोद को प्राप्त होंगे और नियम से देवपद को प्राप्त कर अन्त में विदेह क्षेत्र में जाकर प्रेम से श्रीमन्दरस्वामी का दर्शन करेंगे ॥ १२ ॥

Those who will read this with attention and recite it with devotion will have the 'darshan' of Simandhara Swami in Videha Kshetra (122)

पद्य—ओसगेय मेलोसेगेयनित्तु सतत भा । विसुवर पालिप महिमा ॥
नसुमास देन्नेदे योळगिरु निच्च सं । तसने चिदम्बर पुरुषा ॥ १२३ ॥

अर्थ—हे सिद्ध परमात्मन् ! जो आप के चरणों में निष्कपट हृदय से प्रेम रखते हैं, उन्हें आप रात दिन आनन्द देकर उनकी रक्षा करते हैं । आप नित्यानन्द मय हैं । इसलिए हे चिदम्बर पुरुष सिद्ध भगवन् ! आप हमारे हृदय में अनवरत बसे रहिये ॥ १२३ ॥

O 'Siddh Parmatman' ! those who are devoted to thy feet with open heart, are always happy under thy mercy Thou art full of immortal joy So O Lord Chidambar ! reside in our hearts for ever (123)

॥ इति द्वितीय भाग का आठवाँ अध्याय प्रभा सामर संधि संपूर्ण ॥

नवां अध्याय

❀ विजयार्ध दर्शन संधि ❀

पद्य—उसरेंब करगसदिंद देहात्मर । बेसुगेय त्रिडिसि नोडिदरे ॥
मसुळदे तोर्प महात्म नीनेनगोल्प । नेसगु निरंजन सिद्धा ॥ १ ॥

अर्थ—हे सिद्ध परमात्मन् ! आप अपने रूप को लोक में प्रत्यक्ष नहीं करते । जो लोग ध्यान पूर्वक आत्मा व शरीर को भिन्न जानते हैं, उनके लिये आप प्रत्यक्ष में दिखलाई देते हैं । आप प्रकाश मान होकर दृष्टिगोचर होते हैं । इसलिये हे निरञ्जन सिद्ध भगवान ! मेरे हृदय में सर्वदा स्थिर रहकर मुझे अपना दर्शन देते रहिये ॥ १ ॥

O Lord Siddh ! thu art not cog[illegible]zable by sight in this world, and art visible only to those, who have realised the separate existance of soul and body Thy appearance is luminous one So O Lord Niranjan Siddh ! kindly reside for ever on the corner of my heart and give thy pious appearance to me (1)

पद्य—बलगूडि बंदु समुद्र दोत्तिनोळाप्त । बलव निल्लिसि व्यंतरेंद्रा ॥
ललित विमानदिंदिळिदु चक्रेशन । बलिगैदुतिर्द नतिंयोळु ॥ २ ॥

अर्थ—प्रभासामर व्यन्तरेन्द्र अपने विमान से उतरकर अपनी सेना तथा ऐश्वर्यादि चिन्हों को समुद्र तट पर ही छोड़कर भरत चक्रवर्ती के पास सानन्द आरहा है ॥ २ ॥

पद्य—प्रतिभासनेंब तन्नय नाळिनवनु त । न्नतुळमंत्रियु तन्न हिंदे ॥
हितगेय्द सुरकीर्ति ध्रुवगतिगळु मुंदे । गतिगेय्ये गमिसिदनवनु ॥ ३ ॥

अर्थ—प्रतिभास नामक प्रतिनिधि व मंत्री उसके साथ है । साथ ही साथ उसके हितैषी सुरकीर्ति व ध्रुव गति भी उपस्थित हैं । दोनो आगे आगे चलते हुये धीरे धीरे आ रहे हैं ॥ ३ ॥

पद्य—नेरिदनोप्पच्चिय तोरिद निक्किद । भूरि भूषणकांति केदरे ॥
गौर वर्णनु प्रभासामर बरुतिर्द । ना राजकटकव होक्कु ॥ ४ ॥

अर्थ—प्रभासामर बहुत सुन्दर है । अनेक रत्न निर्मित दिव्य वस्त्राभूषणों के धारण करने से और भी सुन्दर मालूम होता है गौर वर्ण है । इतना ही नहीं उसका मन भी शुभ है । भय व भक्ति युक्त होकर प्रभासामर सम्राट के पास आरहा है ॥ ४ ॥

पद्य—कप्प काणिकेय वस्तुव मंत्रि युवराज । रोप्पदि ताळ्दोड नेय्द ॥
दुप्पटि युडेसुत्ति भयभक्ति यिंदोजे । तत्प देय्द रुतिर्दनवनु ॥ ५ ॥

अर्थ—वह हाथ मे धोती दुपट्टा तथा अनेक प्रकार की भेंट वस्तुयें लेकर आनन्द पूर्वक भरत जी के पास आरहा है ॥ ५ ॥

पद्य—इडि क्रिगिद्दिद्दाने कुदुरे तेराळ्गळ । निडुरत्न मय दंडधरर ॥
एडबल दोळ् नोडु तोय्यनोय्यने पज्जे । यिडुतिर्दन व्यंतरेंद्रा ॥ ६ ॥

अर्थ—प्रभासामर के इधर उधर हाथी घोड़े तथा अनेक सैनिक स्वर्ण तथा रत्न जटित दण्ड धारण किये हुये खड़े है। प्रभासामर अपनी दायीं व बायीं ओर दृष्टि पात किया तो चक्रवर्ती की अपार सेना को देखकर आश्चर्य चकित हो गया। इन सभी बातों को विचारते हुये धीरे धीरे प्रभासामर भरत जी के सम्मुख आरहा है ॥ ६ ॥

पद्य—तोलगु कुळ्ळिरु ध्वनिमाड दिरोचदि । रेले महासभे यल्लतेयेंदु ॥
कलिगळ देव चक्रधरदेव जयचांगु । भलयेने केळ्तेयिद्ददनु ॥ ७ ॥

अर्थ—उस विशाल सभा में वेत्रधारी गण 'रास्ता छोड़ो, बैठो, हल्ला मत करो" आदि शब्दोच्चारण करते हुये व्यवस्था कर रहे है ॥ ७ ॥

पद्य—इदिरोळु चक्रिय रूप कंडिवनेनु । त्रिदशपतियो नरपतियो ॥
मदननो चंद्रनो सूर्यनोयेंदु त । न्नेदेयोळे णिसुते यद्दुतिर्दा ॥ ८ ॥

अर्थ—प्रभासामर ने सभा में पहुँचकर सिंहासन पर विराजमान चक्रवर्ती के विशद रूप को जिस समय देखा उस समय अपने मन में अनेक प्रकार की कल्पना करते हुये वह कहने लगा कि क्या यह चक्रवर्ती है ? देवेन्द्र है ? या कामदेव है ? चन्द्र है ? या सूर्य है ? ॥ ८ ॥

पद्य—सरितदोळोत्तिगे सार्दिवनीगव । धरिसु प्रभासेंद्र नेंदु ॥
सुरकीर्ति ध्रुवगतिगळु चक्रधर गेत्ति । करव मुगिदु काणिसिदरु ॥ ९ ॥

अर्थ—ध्रुव गति तथा सुरकीर्ति ने राजा भरत के समीप जाकर सादर नमस्कार किया और नम्रता पूर्वक कहने लगा कि स्वामिन् ! प्रभासामर यही है ॥ ९ ॥

पद्य—स्वामि समुद्र तीर दोळिद्द नेंदावु । नाम मात्रव पेळ्लोडने ॥
भूमिगे ताने कृतार्थ नेंदुरे प्रभा । सामर नरिदनु नृपति ॥ १० ॥

अर्थ—हे स्वामिन् ! जब हमने इसे यह समाचार बतलाया कि राजा भरत समुद्र तट पर विराजमान हैं, तब वह मन ही मन प्रसन्न होकर कहने लगा कि आज मैं कृतार्थ हो गया और हमारा जीवन सफल होगया ! कहाँ तक कहूँ ? आप के आगमन समाचार प्राप्त करके वह बहुत प्रसन्न हुआ ॥ १० ॥

Prabhasamar, the king of all the 'vyantras' leaving all his army and other royal symbals on the seashore proceeding towards the emperor Bharat pleasantly. His minister named Pratibhas was accompanying him Sukirti and Dhruva were also with him Pratibhasmar was extremely beautiful His beauty has all the more increased due to his precious dresses and ornaments His colour was fair Not only this his heart was also fair He was full of awe and devotion for the emperor He had 'dhoti' 'dupatta' and other presents in his hand. Innumerable soldiers of elephantry, and horses surrounded him with their sticks studded with jewells Prabhasamar saw the royal army of his right and left and was wonder struck. The volunteers in that huge gathering of emperor Bharat, were setting every thing right and asking the people to keep silence. On reaching before the throne on which the emperor was sitting, Prabhasamar saw the huge and gracious personality of the emperor He thought within himself if he was the Chakravarti or Indra himself He further guessed him to be the cupid, moon or the sun. Dhruvagati and Surkirti saluted the emperor and entreated respectfully that Prabhrsagar was present before his lordship They further informed tne royal personage of Prabhasagar's eagerness to meet him and thus make his life successful (2-10)

पद्य—मुन्न मागध सुर व रतनु गळ्नोल्दु । मन्निमि घन्यर माडि ॥
नन्न नुद्धरिसल्लेय्तदने रायर । रन्न नेंदर्त्ति माडिदनु ॥ ११ ॥

अर्थ—इससे पहिले जिसने मागधामर, वरतनु इत्यादि को पवित्र किया है ऐसे स्वामी मेरे उद्धार के लिये पधारे हैं मेरा परम भाग्य है इत्यादि अनेक प्रकार की बातों को कहकर प्रभासामर ने हर्ष प्रकट किया ॥ ११ ॥

पद्य—मोदल वंनुत्त वंतिरलिदु स्वामिय । म्युदय वार्तेय तंदिरेंदु ॥
ओदविद प्रीतियोळ मर्दप्पि कोंडेम । गुदित्त सत्कार माडिदनु ॥ १२ ॥

अर्थ—इतना ही नहीं, स्वामिन् ! विशेष क्या ? जब हम लोग आप का समाचार लेकर वहाँ पहुँचे तब प्रभासामर ने कहा कि बंधुवर ! पहिले का बंधत्व तो अपने साथ है ही, फिर भी आज आप लोग स्वामी के अभ्युदय समाचार को लेकर आये हैं। इसलिये आप लोगों से अधिक हितैषी हमारे और कौन होंगे ? ऐसा संबोधन करते हुये हम लोगों का प्रेम से आलिंगन किया तथा हमारा यथेष्ट आदर सत्कार किया ॥ १२ ॥

पद्य—नाडमातेनु स्वामिय काणवेनेंदर्ति । माडियेय्तंद नेंदुसुरि ॥
जोडिसि ताविर्वररस नोत्तिनोळु मा। ताडदे निंदरु मत्ते ॥ १३ ॥

अर्थ—स्वामिन् ! अधिक कहने से क्या प्रयोजन है ! आप के दर्शन करने की उत्सुकता से वह यहाँ पर आया है। आप के सामने खड़ा है। इस प्रकार कहकर दोनों देव चुपचाप एक ओर खड़े हो गये ॥ १३ ॥

पद्य—सेळेदु निवाळियनिट्टु प्रभासांक । बळिकोडेयन पादगळिगे ॥
पळ पळ नपरंजियरल वेळ्ळिय हूव। मळेगरेदनु काणकेयेंदु ॥ १४ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रभासेन्द्र ने मान पूर्वक राजा के चरण कमलों में नमस्कार किया, अनेक प्रकार के स्वर्ण, मोती तथा रत्नादि आभूषणों को समर्पित किया एवं अनेक प्रकार की पुष्प वृष्टि करते हुये भरत जी की सुन्दर स्तुति किया ॥ १४ ॥

पद्य—हेममुक्तालि संतानव वसुमाणि । स्तोमव कप्पवेंदिरिसि ॥
आ मंत्रियुवराज वेरसि साष्टांगाभि। रामदोळेरगिद नोडने ॥ १५ ॥

अर्थ—प्रभासामर हेम, मुक्तामणि, तथा रत्नादि आभूषणों को भरत जी के चरणों में समर्पित करके साष्टांग नमस्कार किया तथा वार वार उनकी स्तुति करने लगा ॥ १५ ॥

After that Prabhasamar showed his happiness by saying ·

"The master, who has delivered men like Magdhamar and Vartanu, is pleased to come here to deliver me also from all sorts of troubles I am very fortunate."

They further said, "not only this much Prabhasamar told us that we had brotherhood with him previously, but now we became more intimate because we brought the news of the arrival from his magesty emperor Bharat Addressing so he embraced us very affectionately and respected us in all possible manner My Lord ! what to say more of him. He has come here

only for your pious visit He is standing before you." Saying thus both of them stood aside silently

After that Praphasendra bowed down in the lotus like royal feet and saluted him Then he offered innumeable presents of gold, pearls, jewells etc and prayed him by showering flowers upon him Prabhasamar, offering 'hema' jewells, pearls and other precious ornaments, prostrated himself before the emperor and prayed him repeatedly (11-15)

पद्य—आदि तीर्थेशाग्र सुकुमार जय जय । आदि चक्रेशमां पहि ॥
ओ देव धन्योस्मि येंदरगिद्ना । मोदर्दिंडा व्यंतरेंद्रा ॥ १६ ॥

अर्थ—प्रभासमागर-हे आदि तीर्थेश्वर अग्र सुकुमार ! आप की जय हो । आदि चक्रेश ! माम् पाहि अर्थात् मेरी रक्षा करो । हे देव ! धन्योऽस्मि अर्थात् मैं धन्य हूँ । इसी तरह अनेक प्रकार की प्रथंना करते हुये सम्राट को प्रणाम किया ॥ १६ ॥

पद्य—करुणदि नोडि चक्रेशन नेळेंब । निरदेद्द निर्वरु सहित ॥
हरिपीठद ळगेसेवरम निदिरोळु नि । दररे कीति सिदनेनेंबे ॥ १७ ॥

अर्थ—इस के बाद भरत जी करुणा पूर्ण दृष्टि से प्रभासामर की ओर देखकर उसे उठने के लिये आज्ञा प्रदान किया । स्वामी की आज्ञा पाकर सिंहासन के सामने खड़ा होकर प्रभासामर ने इस प्रकार की स्तुति किया कि जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता ॥ १७ ॥

पद्य—एवेयिक्कु मिद्र कुंदद चद्र हिमिविडु । रवि तनुवांत मनोजा ॥
अवनीश वेष दोळेय्दिदें जगद ला । ड्यव तोळेदै स्वामिदेदा ॥ १८ ॥

अर्थ—प्रभासामर-हे निमिष लोचनेन्द्र ! निष्कलंक चन्द्र ! उष्ण रहित सूर्य ! सशरीर काम देव ! आप राजा के रूप में जगत् की जड़ता को मिटाने तथा संपूर्ण विश्व को सुख देने के लिये उत्पन्न हुये हैं ॥ १८ ॥

पद्य—साकेत पुरदोळिद्दरे कडलोळगिद्द । नेक व्यंतररु मै मरेदु ॥
काकप्प रेंदेम्म रक्षिमलेयुदि दे । लोकैक मंगल येंदा ॥ १९ ॥

अर्थ—हे स्वामिन् ! अयोध्यानगरी में रहने पर समुद्र के अनेक व्यन्तर उनमत्त होकर दुर्मार्ग गामी बनेंगे, इसलिये हम लोगों को उद्धार करने के लिये आप यहाँ पधारे हुये हैं । स्वामिन् ! हम लोगों की रक्षा कीजिये । इस प्रकार अनेक तरह की विनम्र वाणी द्वारा सम्राट की स्तुति किया ॥ १९ ॥

पद्य—परम हंसाराम तद्भव मोक्ष भा । सुरने केळ् निन्नय सेवे ॥
धरेयोळ्ळेल्लरिगेके बहुदेम्म पुण्यके । सरियुंटे स्वामि हेळ्ळेंदा ॥ २० ॥

अर्थ—हे स्वामिन् ! आप परमात्मा को प्रसन्न कर चुके हैं, इसलिये इसी भव से मोक्ष को जाने वाले हैं । हे सुमुख ! आप की सेवा करने का सौभाग्य लोक में क्या सबको मिल सकता है ? कभी नहीं । हम लोग सचमुच में परम भाग्यशाली हैं क्योंकि हमें आप की सेवा करने का शुभ अवसर प्राप्त हो गया ॥ २० ॥

Prabhasamar hailed emperor Bharat as 'Tirtheshwar' 'Agra Sukumar' 'Adichakreshvar' and 'Deva' and saluted him most devoutedly He requested the emperor for his own protection. Bharat ji saw him with an eye full of the milk of human kindness and asked him te get up Prabhasamar, being permitted by his Lord, stood before the royal throne and prayed him highly He addressed the emperor as the spotless moon, the sun without heat, cupid in his physical self born in this world to remove the ignorance from this world and provide comforts to all. He went on praising the emperor that the royal personage was pleased to go there only for the deliverance of the vyantras He requested him in humble words to extend to them his protection He further addressed the emperor as the attainer of salvation, the possessor of gracious face and state that only few can catch the opportunity of serving him. He considered all the vyantaras very fortunate in this way. (16-20)

पद्य—सुमुखनै बळलिदे कुळ्ळिळरेंदवन भू । रमन कुळ्ळिळर गोडसिदनु ॥
समते योळव मंत्रि प्रति भासरोडगूडि । गमक दोळोल्दु कुळ्ळितनु ॥ २१ ॥

अर्थ—इतने में भरत जी ने प्रभासामर से कहा कि हे सुमुख ! तुम बहुत थक गये होगे, अब बैठ जाओ । ऐसा कहकर एक आसन की ओर संकेत किया । स्वामी की आज्ञा पाकर प्रभासामर मंत्री के साथ निर्दिष्ट आसन पर बैठ गया ॥ २१ ॥

पद्य—सुरकीर्ति भ्रुवगति कुळ्ळिळरिरैयेंदु । भरतेश बुद्धिसागरना ॥
तिरुगि निट्टिसिदना सचिव कालोचित । दिर वरिदितु नुडिदना ॥ २२ ॥

सुरकीर्ति व भू,,वगति को बैठने की आज्ञा देकर चक्रवर्ती ने मन्त्री की ओर देखा तत्पश्चात् चक्रवर्ती के अभिप्राय को समझकर मन्त्री ने उन दोनों को बैठाकर कहा कि स्वामिन् ये दोनों बहुत बड़े विवेकी हैं।

यह चित्र कृष्णादेवी जैन धर्मपत्नी ला० कुञ्जविहारीलाल जैन लहरपुर द्वारा प्राप्त हुआ।

पद्य—राय प्रभास देवनु सुविवेकि नि । र्म्माय निम्मय पाद् प्रीता ॥
श्रेयनु भव्यसेवेय पडेद्नु दोड्ड । श्रीयावुद्व निगिन्नेंदा ॥ २३ ॥

अर्थ—सुरकीर्ति व ध्रुवगति को भी बैठने के लिये आज्ञा देकर सम्राट ने बुद्धिसागर मंत्री की ओर दृष्टि पात किया। मंत्री सम्राट के आशय को समझ कर कहने लगा कि स्वामिन्! प्रभासदेव परम विवेकी है, माया रहित है तथा आप का अत्यन्त भक्त होकर आप की सेवा में अत्यन्त स्नेह रखता है। वह भव्य है, महा यशस्वी है तथा बड़े सौभाग्य से आप की सेवा को प्राप्त हुआ है॥ २२-२३ ॥

पद्य—मागधामर वरतनु गळिव्वरे पुण्य । भागिगळा गिद्दरंदु ॥
ईग प्रभासेंद्र गूडि मूवरु पुण्य । भागिगळा दरेंदोरेदा ॥ २४ ॥

अर्थ—मंत्री-स्वामिन्! पहिले वरतनु, मागध पुण्यशाली गिने जाते थे, पर अब प्रभास भी महान् पुण्यशाली है ॥ २४ ॥

पद्य—कर लेस नाडिदे मंत्रि येंददके मू । वरु महानंद वेय्दिदरु ॥
परिकिसु ध्रुवगति सुरकीर्तिगळ सेवे। सुरस वाय्तेंदना मंत्रि ॥ २५ ॥

अर्थ—मंत्री के उपरोक्त वचन को सुनकर तीनों बहुत प्रसन्न होकर शांति पूर्वक बैठ गये मंत्री ने पुनः निवेदन किया कि आज ध्रुवगति व सुरकीर्ति ने जो सेवा किया है वह भी बहुत स्तुत्य है ॥ २५ ॥

Meanwhile Bharatji addressed Prabhasamar as 'Sumukji' and asked him affectionately to sit down on one of the seats there Prabhasamar did accordingly along with his minister The emperor directing Surkirti and Dhruvagati to sit down, turned towards Buddhisagar, his own minister, who understanding the royal purpose fully told his master that Prabhas Deo was very wise, unillusioned and extremely devoted to his lordship, and willingly eager to offer his services is gracious, prosperous one and is fortunately inclined your service Previously only varatanu and Magadh were counted as pious ones, but now Prabhas also is one of them Listening to the minister's wards of praises, all the three were highly pleased and took their respective seats peacefully The minister further praised Dhruvagati and Surkirti for their valuable services (21-25)

पद्य—मनेगे होगलि प्रभासामर निंदु मे । ल्लने नावु मुंदे बिट्ट डेगे ॥
अनुगमिसलि देव कल्हह चित्तैसेंदु । विनय दोळोरेदना सचिवा ॥ २६ ॥

